संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 13 मार्च 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 71 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद से पाकिस्तान से आए हिंदू और सिख शरणार्थियों के बीच खुशी की लहर है।

# नायब सैनी ने ली सीएम पद की शपथ

= हरियाणा राज्यपाल ने सैनी के अलावा पांच विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री की शपथ दिलाई

**जिम्मेवारी**

8 सोमवार की रात शुरू हुई राजनीतिक उठापटक मंगलवार को नई सरकार के गठन के बाद समाप्त हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** कुरूक्षेत्र से भाजपा के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी हरियाणा के 15वें मुख्यमंत्री बन गए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार की शाम राजभवन में आयोजित एक समारोह में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सैनी के अलावा पांच विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री की शपथ दिलाई। हरियाणा में सोमवार की रात शुरू हुई राजनीतिक उठापटक मंगलवार को नई सरकार के गठन के बाद समाप्त हुई। हरियाणा में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में जननायक जनती पार्टी में भाजपा के साथ चल रहा गठबंधन अचानक टूट गया। इसके बाद मनोहर लाल ने पूरी सरकार को इस्तीफा राज्यपाल का सौंप दिया। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ चंडीगढ़ में पहुंचे और उनकी मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद नायब सैनी मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी प्रभारी बिप्लब देव तथा दोनों पर्यवेक्षकों के साथ दोबारा राज्यपाल से मिले और सरकार गठन का दावा पेश किया। इसके बाद राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद मनोहर सरकार में मंत्री रहे कंवर पाल को बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलाई गई। कंवर पाल के बाद बल्लभगढ़ के विधायक मूल चंद शर्मा, रानियां से निर्दलीय विधायक चौधरी रणजीत चौटाला, लोहारू के विधायक जय प्रकाश दलाल, डॉ. बनवारी लाल को भी बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलवाई गई।



## विज-संदीप सिंह को नहीं मिली कैबिनेट में जगह

नई सरकार में मनोहर मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहे अनिल विज, स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता, राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, कमलेश ढांडा तथा संदीप सिंह को अभी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 27 अक्टूबर 2019 को जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर हरियाणा में मनोहर को मुख्यमंत्री समेत 14 कैबिनेट व राज्य मंत्रियों के साथ सरकार का गठन किया था।

## विधायकों ने सर्वसम्मति से किया पारित

**मनोहर** लाल ने नायब सैनी का नाम विधायक दल के नए नेता के रूप में प्रस्ताव विधायकों के समक्ष रखा। इसका अनुमोदन सबसे पहले पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर फिर पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल और पूर्व सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने किया। इसके बाद नांगल चौधरी के विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया जाए। सभी विधायकों ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

## भाजपा-जजपा गठबंधन खत्म होने पर विपक्ष हमलावर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** इंडियन नेशनल लोकदल के नेता और विधायक अभय चौटाला ने भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने पर कहा कि गठबंधन नहीं टूटा है बल्कि आज ठगबंधन समाप्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि जब विधानसभा का चुनाव आएगा तो भाजपा 15 सीट नहीं पार कर पाएगी।

हरियाणा में बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में मनोहर लाल ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। अब नई सरकार में मुख्यमंत्री का चेहरा भी बदला जाएगा। पहले सीएम मनोहर लाल के नामों को लेकर के ही चर्चा थी लेकिन विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी के नाम पर मुहर लगी।

## मनोहर लाल का जाना एक साल पहले ही हो गया था तय



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हरियाणा में सरकार का मुखिया बदलने का निर्णय दिल्ली में भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक में हो गया था। चंडीगढ़ में नया नेता चुने जाने के लिए हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में स्वयं मनोहर लाल ने इसकी जानकारी दी। इस बैठक में पर्यवेक्षक के तौर पर प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ नए नेता के चुनाव के लिए पहुंचे हुए थे। बैठक शुरू होते ही राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि बैठक की कार्यवाही के बारे में मनोहर लाल बताएंगे।

**नए चेहरों की जरूरतः** इसके बाद मनोहर लाल ने कहा कि पार्टी का विचार है कि संगठन और सरकार में नए चेहरे काम करें। इसलिए मैंने एक साल पहले ही पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया था कि मैंने प्रदेश में आठ साल तक मुख्यमंत्री रहते हुए सेवा दी है, अब किसी अन्य नेता को इसकी जिम्मेदारी देनी चाहिए। पार्टी में व्यवस्था है कि नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है। पुराने अलग भूमिका निभाते हैं।

**राज्य में नेतृत्व के परिवर्तन के लिए हुआ मंथनः** मनोहर लाल ने कहा कि पार्टी में उनके इस आग्रह पर गहन मंथन हुआ, इसमें समय लगा और अब संसदीय बोर्ड ने निर्णय लिया है कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन किया जाए। पार्टी ने निर्णय लिया है कि कुरुक्षेत्र से सांसद और पार्टी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे नायब सैनी को भाजपा विधायक दल का नया नेता बनाया जाए।

## नायब सैनी के शपथ लेते ही दुष्यंत चौटाला ने खोल दिए पत्ते

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** नायब सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। वहीं दूसरी ओर नायब सैनी के शपथ लेते ही पूर्व डिप्टी सीएम और जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने बीजेपी के साथ गठबंधन टूटने को लेकर सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर किया है। सभी हरियाणावासियों को मेरा नमस्कार। आपने मुझे हरियाणा के उपमुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा करने का अवसर दिया इसको मैं अपना सौभाग्य मानता हूँ और हरियाणा के प्रत्येक व्यक्ति का दिल की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूँ। हरियाणा के हित और जनता के कार्यों के लिए आपका समर्थन और सहयोग मेरे लिए हमेशा ऊर्जादायक रहा है। सीमित समय और सीमित संख्या के साथ हमने दिन रात हरियाणा के हितों की रक्षा के लिए लगाए हैं। हमने हरियाणा के हर वर्ग और हर क्षेत्र के काम सरकार में करवाये हैं। हमारे मुश्किल और संघर्ष के दौर में आपने हम पर जो भरोसा लगातार जताया है और जो साथ हमेशा दिया है उसके लिए मैं आपका सदैव आभारी रहूँगा।




**आदर्श विचार**



"ध्यान का अर्थ है भीतर से मुस्कुराना।"

भागवद्

**मन की बात**



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**





## भारत ने पाक से बातचीत के दरवाजे बंद नहीं किएः जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ।

**भारत ने कभी पाक से बातचीत के दरवाजे बंद नहीं किएः एस जयशंकर**

साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए।



मॉरीशस विश्वविद्यालय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को डॉक्टर ऑफ सिविल लॉ की मानद उपाधि प्रदान की।

## 'तमिलनाडु में लागू नहीं होगा सीएएः स्टालिन

**चेन्नईः तमिलनाडु के मुख्यमंत्री** एम के स्टालिन ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को विभाजनकारी बेकार बताते हुए मंगलवार को इसे खारिज कर दिया और कहा कि इसे उनके राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। स्टालिन ने लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बीच सीएए लागू करने के लिए नियमों को जल्दबाजी में अधिसूचित करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सीएए और इसके नियम संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं। इससे पहले सीएम ने इसे भाजपा का विभाजनकारी एजेंडा बताया और कहा कि लोग उन्हें (भाजपा को) करारा सबक सिखाएंगे।

## तोपों, टैंकों की गर्जना से गूंजा पोखरण

**शौर्य**

8 प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज जो दृश्य हमने देखा, हमारी तीनों सेनाओं का शौर्य अद्भुत है

**टीम एक्शन इंडिया**

**पोखरणः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को तीन सेनाओं के सयुंक्त 'भारत शक्ति अभ्यास' देखने के लिए राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में पहुंचे। तीनों सेनाओं में स्वदेशी रूप से निर्मित रक्षा उपकरणों की शक्ति का प्रदर्शन किया गया। भारत शक्ति युद्धाभ्यास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जो दृश्य हमने देखा, हमारी तीनों सेनाओं का शौर्य अद्भुत है, आकाश में ये दहाड़, ये जमीन पर युद्ध, चारों ओर गूंजती विजय की पुकार, यह नए भारत की पुकार है। यही पोखरण है, जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है, और यहीं पर हम आज स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का दम देख रहे हैं।



**यही तो भारत शक्ति हैः** पीएम मोदी ने कहा कि 'हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू जहाजों, हेलिकॉप्टर, मिसाइल सिस्सम, ये जो गर्जना आप देख रहे हैं। यही तो भारत शक्ति है। हथियार, और गोला बारुद, संचार उपकरण, सायबर और स्पेस तक हम मेड इन इंडिया की उड़ान का अनुभव कर रहे हैं। यही तो भारत शक्ति है।' पीएम मोदी ने कहा कि बाते 10 वर्षों में हमने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठाए हैं। हमने नीति-विषयक सुधार किए, रिफॉर्म्स किए, हमने प्राइवेट सेक्टर को इससे जोड़ा, हमने एमएसएमई स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया।

## सीएए नागरिकता देता है छीनता नहींः शहाबुद्दीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देशभर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू हो गया है। एनडीए के नेताओं ने सीएए का स्वागत किया है, जबकि विपक्षी दलों के कई नेता इसका विरोध कर रहे हैं। इसी बीच, ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बड़ा बयान दिया है। शहाबुद्दीन रजवी ने सीएए का खुलकर समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने मुस्लिम नागरिकों से खास अपील भी की है।

## सीएए लागू करने की टाइमिंग पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लिए एक अधिसूचना जारी की। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के कुछ हफ्ते पहले ही लागू की गई है। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, 31 दिसंबर 2014 से पहले धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए थे उन्हें केंद्र सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता दे सकती है। हालांकि, उअअ के लागू होने के बाद से सियासी बवाल शुरू हो गया। विपक्षी लगातार इसको लेकर हमला बोल रहे है। कांग्रेस ने सीएए के लागू करने के समय पर सवाल उठाया है।



**सीएए नियम लाने में 4 साल और 3 महीने लग गएः** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा को सीएए नियम लाने में 4 साल और 3 महीने लग गए। यह एक हेडलाइन मैनेजमेंट है। उन्होंने इसे सामाजिक ध्रुवीकरण की रणनीति बताई है। जयराम रमेश ने कहा 'इस नियम को लाने में उन्हें 4 साल और 3 महीने लग गए।

विधेयक दिसंबर 2019 में पारित किया गया था। 3-6 महीने के अंदर कानून बन जाना चाहिए था। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से नौ एक्सटेंशन मांगे और कल रात नियमों को अधिसूचित करने से पहले 4 साल और 3 महीने का समय लिया।

## सीएए कानून का हमने वादा पूरा कियाः शाह



**वादे पर खरे**

8 पीएम मोदी ने 'आया राम, गया राम' की राजनीति खत्म करके देश को राजनीतिक स्थिरता दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिकंदराबादः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिकंदराबाद में एक जनसभा रैली को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि इन 10 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी ने 'आया राम, गया राम' की राजनीति खत्म करके देश को राजनीतिक स्थिरता दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 'आया राम, गया राम' की राजनीति को समाप्त कर एकछत्र नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली 10 साल तक सरकार चलाई है। हमने कहा था, हम उअअ लाएंगे। कांग्रेस पार्टी सीएए का विरोध करती थी। हमारे संविधान निर्माताओं का वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जो प्रताड़ित शरणार्थी आएंगे, हम उन्हें नागरिकता देंगे। गृह मंत्री ने कहा, "कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण, वोट बैंक की राजनीति के कारण सीएए कानून का विरोध करती थी। लाखों लोग अपना धर्म बचाने के लिए इस देश में आए। प्रधानमंत्री मोदी ने उनको नागरिकता देकर उनको सम्मान देने का काम किया है।" शाह ने आगे कहा, "हमने दूसरा वादा किया था कि हम कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर देंगे। 70 साल से कांग्रेस पार्टी धारा-370 को लेकर चलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा-370 समाप्त कर दिया। हमने दूसरा वादा किया था कि हम कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर देंगे। 70 साल से कांग्रेस पार्टी धारा-370 को लेकर चलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा-370 समाप्त कर दिया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। कांग्रेस ने मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

## अमरावती भूमि घोटाले में पूर्व सीएम नायडू के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सीआईडी ने तेलुगु देशम पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और अन्य के खिलाफ 4400 करोड़ रुपये के अमरावती भूमि घोटाले में चार्जशीट दाखिल की। थुल्लुरू मंडल के पूर्व तहसीलदार एनी सुधीर बाबू और रामकृष्ण हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केपीवी अंजनी कुमार (बाबी) चार्जशीट में शामिल अन्य नाम हैं। यह मामला 2020 में मंगलागिरी के सीआईडी पुलिस थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।

**विकासात्मक**

### ईमान बेचने वाले जनप्रतिनिधियों को कभी माफ नहीं करेगी प्रदेश की जनता

## प्रदेश के किसान, महिलाएं और युवा ही हमारी ताकतः मुख्यमंत्री

**हामिद**

**चंबाः मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को चम्बा जिले के चंबा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास किए। चंबा के ऐतिहासिक चौगान में जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में मल्टी स्टोरी पार्किंग मिनी सचिवालय इनडोर स्टेडियम तथा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने चंबा चुवाड़ी टनल की फ ीजिबिटिलटी रिपोर्ट के लिए चार करोड़ रुपए प्रदान करने की भी मुख्यमंत्री ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह साधारण परिवार से संबंध रखते हैं और कड़ी मेहनत व संघर्ष के बूते पर आज जनसेवक के रूप में कार्यरत हैं। आम लोगों के लिए कुछ करने की दृढ़ इच्छाशक्ति से ही आर्थिक चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण के लिए योजनाएं आरंभ करने की प्रेरणा मिली है। अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू की तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की गई। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जनमत एवं पार्टी विचारधारा के साथ दगा करना हिमाचल की संस्कृति नहीं है। यहां के लोग ईमानदार हैं और जब कोई भी जन-प्रतिनिधि अपना ईमान बेचता है तो उसे प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पांच साल तक लोगों की सेवा करती रहेगी और किसानए महिलाएं और युवा ही हमारी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि वह सत्ता के भूखे नहीं हैं और जीवन भर उन्होंने संघर्ष किया है। हम सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने सत्ता की लालसा में अफ वाहें फैलाई। आम लोगों का बजट पास न हो, इसका षड्यंत्र रचा गया।



**घोषणा**

8 मिनी सचिवालय इनडोर स्टेडियम तथा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा

# मुफ्त इलाज-मुफ्त दवाएं
# बेहतर हुईं स्वास्थ्य सुविधाएं



**65**
**मेडिकल कॉलेज संचालित**

**22**
**मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन**

- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स का संचालन
- एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज की ओर अग्रसर
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 9 करोड़ लाभार्थियों को प्रति परिवार ₹ 5 लाख का चिकित्सा बीमा कवर
- सभी 75 जनपदों में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- सरकारी चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस की सीटें 1,840 से बढ़कर 3828 तथा निजी संस्थानों में 2,550 से बढ़कर 5,250 हुईं, कुल 9,078 सीटें उपलब्ध
- सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी की सीटें 741 से बढ़कर 1,543 तथा निजी संस्थानों में 480 से बढ़कर 1,775 हुईं, कुल 3,318 सीटें उपलब्ध
- 21,889 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित
- लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय और गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय
- सभी सीएचसी एवं पीएचसी में स्थापित हो रहे हेल्थ एटीएम
- मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 12.48 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार







## स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार
## डबल इंजन की सरकार

# नायब सैनी बने हरियाणा के 15वें मुख्यमंत्री

## राज्यपाल ने दिलाई शपथ, मनोहर कैबिनेट के पांच मंत्रियों ने फिर से ली शपथ, मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद नई कैबिनेट का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कुरूक्षेत्र से भाजपा के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी हरियाणा के 15वें मुख्यमंत्री बन गए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार की शाम राजभवन में आयोजित एक समारोह में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सैनी के अलावा पांच विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री की शपथ दिलाई। हरियाणा में सोमवार की रात शुरू हुई राजनीतिक उठापटक मंगलवार को नई सरकार के गठन के बाद समाप्त हुई। हरियाणा में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में जननायक जनती पार्टी में भाजपा के साथ चल रहा गठबंधन अचानक टूट गया। इसके बाद मनोहर लाल ने पूरी सरकार को इस्तीफा राज्यपाल का सौंप दिया।



इस घटनाक्रम के बाद भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ चंडीगढ़ में पहुंचे और उनकी मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद नायब सैनी मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी प्रभारी बिप्लब देव तथा दोनों पर्यवेक्षकों के साथ दोबारा राज्यपाल से मिले और सरकार गठन का दावा पेश किया। इसके बाद राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद मनोहर सरकार में मंत्री रहे कंवर पाल को बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलाई गई। कंवर पाल के बाद बल्लभगढ़ के विधायक मूल चंद शर्मा, रानियां से निर्दलीय

**गठन**

**8 पहले सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री मनोहर ने आवास पर प्रदेश के सभी निर्दलीय विधायकों के साथ मुलाकात की**

विधायक चौधरी रणजीत चौटाला, लोहारू के विधायक जय प्रकाश दलाल, डॉ. बनवारी लाल को भी बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलवाई गई। इस नई सरकार में मनोहर मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहे अनिल विज, स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता, राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, कमलेश ढांडा तथा संदीप सिंह को अभी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 27 अक्टूबर 2019 को जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर हरियाणा में मनोहर को मुख्यमंत्री समेत 14 कैबिनेट व राज्य मंत्रियों के साथ सरकार का गठन किया था। इनमें जजपा के कोटे से उपमुख्यमंत्री समेत तीन मंत्री शामिल थे। इसके अलावा एक मंत्री निर्दलीय कोटे से रहे हैं। लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा व जजपा के बीच सोमवार को देररात गठबंधन टूट गया। इससे पहले सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर प्रदेश के सभी निर्दलीय विधायकों के साथ मुलाकात की। इसमें सभी निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को लिखित समर्थन दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल व गृहमंत्री अनिल विज राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को मनोहर मंत्रिमंडल के इस्तीफे सौंपकर सरकार को भंग करने की सिफारिश कर डाली।

# पहलवान सुमित ओलंपिक क्वालिफायर ट्रायल में पहले स्थान पर



**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** जिले के गांव मांडोठी स्थित हिन्द केसरी सोनू पहलवान अखाड़े के पहलवान सुमित दलाल ने 10 मार्च को बहालगढ़ में हुए ओलम्पिक क्वालिफायर ट्रायल में पहला स्थान हासिल किया है। ग्रीको रोमन में 60 किलो भार वर्ग के पहलवान सुमित ने अपने से सीनियर पहलवानों को हराकर ट्रायल में पहला स्थान हासिल किया। अब सुमित 19 से 20 अप्रैल को किर्गिस्तान में होने वाली एशियन ओलम्पिक क्वालिफायर प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा और जीत के साथ ओलम्पिक का कोटा भी हासिल करेगा। ट्रायल में पहला स्थान हासिल कर अखाड़े में लौटे सुमित का साथी पहलवानों और कुश्ती कोच अर्जुन अवार्डी धर्मेन्द्र पहलवान, सोनू पहलवान, सुधीर दलाल, मुकेश कोच, रिंकू कोच और अनुराग कोच ने जोरदार स्वागत किया। फूलमाला और मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# खराब फसल की गिरदावरी करवाने की मांग को लेकर पहुंची गांव करोड़ा की पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** सोमवार को खंड पूंडरी के गांव करोड़ा की पंचायत ओलावृष्टि से खराब फसल की गिरदावरी करवाने व मुआवजे की मांग को लेकर कैथल पहुंची। सोमवार को डीटीपी विभाग ने कैथल शहर मैं 8 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में बन रहे निर्माण कार्यों को गिरा दिया। डीसी को ज्ञापन देने पहुंची पंचायत के लोगों की अगुवाई सरपंच दिनेश कुमार ने की। ज्ञापन में गांव वासियों ने कहा है कि गांव के लोगों की जमीन का रकबा सेरधा रोड़, फरियाबाद रोड़, कुकरकण्डा रोड़ व 152 डी हाईवे पर पड़ता है। विगत



2 मार्च को हुई ओलावृष्टि वह तेज हवाओं के कारण उनकी फसल को बहुत नुकसान पहुंचा है। इसके बारे में उन्होंने 4 मार्च को भी शिकायत की थी, लेकिन अभी तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई और ना ही उनकी खराब फसल की गिरदावरी की गई है। गांव के लोग अपनी खराब फसल की गिरदावरी करवाना चाहते हैं, ताकि उनको सरकार के नियमों अनुसार मुआवजा मिल सके।

# डीटीपी विभाग ने 8 एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी के निर्माण गिराए

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से अर्बन एरिया कैथल में पनप रही अवैध कालोनी में तोड़-फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस प्रशासन के सहयोग से विभाग ने अर्बन एरिया कैथल के अंतर्गत पड़ने वाली राजस्व सम्पदा, पट्टी कायस्थ सेठ में लगभग 8 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में 20 डीपीसी तथा 10 से अधिक अवैध निमार्णों को शुरूआती चरण में ही जेसीबी से तोड़ दिया। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए दोपहर को 2 जेसीबी मशीन के साथ पहुंचा और कालोनी में अवैध निमार्णों को हटाने का कार्य शुरू किया।

# प्राचार्या पर स्वीपर को धमकाने व जान से मारने की धमकी

## प्राचार्या ने स्वीपर पर ही लगाया दुर्व्यवहार करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** जिले के बरवाला क्षेत्र के गांव गैबीपुर के राजकीय स्कूल की महिला प्राचार्या के खिलाफ मंगलवार को मारपीट का केस दर्ज किया गया है। प्राचार्या पर स्कूल के स्वीपर को सफाई कार्य सही ढंग से न करने पर धमकाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। उधर, प्राचार्या ने आरोपों को गलत बताते हुए स्वीपर पर ही दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बोबुआ निवासी स्वीपर जसवंत ने बरवाला थाना में दी शिकायत में कहा है कि वह कौशल रोजगार निगम के तहत आरोही माडल स्कूल गैबीपुर मे




स्वीपर के तौर पर कार्य कर रहा है। गत दिवस दोपहर लगभग 2-30 बजे वह काम कर रहा था। उसी समय स्कूल की प्रिंसिपल उपासना दूहन ने उसे अपने दफ्तर के सामने रोक लिया और कहा कि सफाई ठीक ढंग से नही करते।जसवंत के अनुसार उसने बताया कि मैडम सफाई ठीक तो की है, साथ ही कहा कि आप मुझसे माली का काम भी करवाते हो। स्वीपर के अनुसार इस पर मैडम भड़क गई और उसको जातिसूचक गालियां देते हुए हरामजादा कहा। इसके बाद प्रिंसिपल ने उसका गला पकड़कर घसीटा और मारपीट की। उस समय मौका पर स्कूल की चपरासी पूजा व स्वीपर कविता भी मौजूद थी। उनके समझाने पर प्रिंसिपल ने उसे छोड़ा। उसे कहा कि स्कूल से चला जा, आगे से बहसबाजी की तो जान से मरवा दूंगी। स्वीपर जसवंत ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रिंसिपल उसे तीन साल से परेशान कर रही है।

# मोटे मुनाफे का झांसा दे 14.74 लाख रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर 14 लाख 74 हजार रुपये हडपने लिए ए। पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ जनवरी को उसके फोन पर गोल्ड सच बैंक का व्हाट्सअप पर लिंक आया। जिसमें शेयर मार्केट में काम करना बताया गया। जिसके बाद उसके फोन एप डाउनलोड करवाया गया। जिसके बाद उसे 250 मेंबर वाले ग्रुप में एड कर लिया गया। जिस पर उसने दो मेंबरों से बातचीत की तो बताया गया अच्छा फायदा है। जिस पर उसने अपने दस्तावेज भेज दिए। दस जनवरी को 50 हजार रुपये लगाए तो 18 जनवरी तक वह राशि 60 हजार को पार कर गई, जिसे उसने निकाल लिया और राशि को निवेश किया। जिसके बाद से यह सिलसिला जारी रहा। 22 फरवरी को लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का निवेश किया। कुल राशि लगभग 14 लाख, 74 हजार रुपये निवेश की गई। शुरू में आरोपितों ने 24 घंटों में राशि आने की बात कही। फिर वह नंबर भी बंद हो गया।

# सीएम बदलने से नहीं बदलेगा जनता का फैसला: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़। हरियाणा** की बागडोर अब नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संभालेंगे। बीजेपी और जेजेपी का गठबंधन टूटने के बाद विपक्ष जमकर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने गठबंधन तोड़कर और मुख्यमंत्री बदलकर चुनाव से पहले ही अपनी हार मान ली है। इस फैसले से स्पष्ट है कि प्रदेश में विफल गठबंधन की सरकार चल रही थी, जिससे जनता का मोह पूरी तरह भंग हो चुका था। इसलिए अब सरकार को ठीक चुनाव से पहले मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री



बदलने पड़े। ऐसा करके बीजेपी साढ़े 9 साल की विफलताओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जबकि अब बीजेपी को प्रदेश की सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदेश में फौरन राष्ट्रपति शासन लागू करके जल्द विधानसभा चुनाव करवाने चाहिए।

**सत्ता सुख भोगने के लिए किया था गठबंधन: हुड्डा**

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी का गठबंधन किसी नीति या जनहित के लिए नहीं हुआ था। दोनों ने सत्ता सुख भोगने के लिए यह गठजोड़

**साधा निशाना**

**8 बीजेपी-जेजेपी ने गठबंधन तोड़कर और मुख्यमंत्री बदलकर चुनाव से पहले ही अपनी हार मान ली है।**

किया था। आज दोनों दलों ने जनता को झांसा देने के लिए गठबंधन तोड़ा है। सच्चाई यह है कि जिस समझौते के तहत बीजेपी-जेजेपी ने गठबंधन किया था, उसी समझौते के तहत यह गठबंधन तोड़ा गया है। दोनों दल आज भी अंदरखाने एक ही हैं। लेकिन चुनाव में सत्ता विरोधी वोटों को

# देवेन्द्र बबली का किसानों ने किया जमकर विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** एक तरफ जहां प्रदेश में भाजपा और जजपा गठबंधन में उठापठक चल रही है, दूसरी ओर प्रदेश के पंचायत मंत्री एवं जजपा के विधायक देवेन्द्र सिंह बबली को मंगलवार को जिले के जाखल क्षेत्र में किसानों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। यहां किसान बाढ़ के मुआवजे की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे है। आंदोलनरत किसानों को जैसे ही मंत्री के जाखल में आयोजित कार्यक्रम में आने का पता चला तो उन्होंने मंत्री का विरोध करने का ऐलान कर दिया और रास्ते में डेरा डालकर नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली कार्यक्रम स्थल से दूर ही गाड़ी से उतरे और पैदल कार्यक्रम स्थल की तरफ रवाना हो गए। रास्ते में उनकी किसानों के साथ तीखी बहस भी हुई और मामला धक्का मुक्की तक पहुंच गया। धक्का मुक्की के बाद मंत्री आगे रवाना हो गए। बताया जाता है कि इस दौरान उनके एक समर्थक की किसानों के साथ बहसबाजी हुई तो किसानों ने पुलिस सुरक्षा के बीच उसकी पिटाई कर डाली। इसके बाद किसान बबली के कार्यक्रम स्थल पर भी जा पहुंचे और मंच
के सामने नारेबाजी शुरू कर दी।

**नोंकझोंक**

**8 जाखल पहुंचे मंत्री और किसानों में हुई बहस, मंत्री के समर्थक की किसानों ने की पिटाई**

इसको लेकर पंचायत मंत्री पुलिस व्यवस्था को लेकर भी काफी उखड़े नजर आए। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई और वाटर कैनन को भी बुला लिया। फिलहाल जाखल में तनाव भरी स्थिति है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेलवे को लेकर किए जा रहे कार्यक्रम का जाखल में लाइव प्रसारण होना था। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मंत्री देवेन्द्र बबली टोहाना से जाखल पहुंचे थे। उधर बाढ़ मुआवजे की मांग को लेकर किसान काफी दिनों से जाखल में पक्का मोर्चा लगाकर धरना दे रहे हैं। आज उन्हें मंत्री के जाखल आने की सूचना मिली तो उन्होंने जाखल के पटवार भवन के पास रास्ता पर घेराबंदी शुरू कर दी, जिसके बाद यहां पुलिस तैनात की गई थी। पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि कुछ लोग किसानों के नाम पर राजनीति कर किसानी व किसानों को बदनाम कर रहे हैं।

# शादीशुदा प्रेमिका ने नहीं दिया मिलने का समय तो प्रेमी ने किया उसके बेटे का अपहरण

**टीम एक्शन इंडिया**

हिसार: प्रेमिका ने लगातार इग्नोर किया तो गुस्साए प्रेमिका ने उसके सात वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया। शादीशुदा प्रेमिका ने जब प्रेमी को मिलने का समय नहीं दिया तो गुस्से में उसने यह कदम उठाया। चार दिन से बच्चे का कोई पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में मंगलवार को अग्रोहा थाना में दी शिकायत दर्ज कराई गई है। साबरवास गांव निवासी ताराचंद ने मंगलवार को कहा कि उनका सात वर्षीय बेटा अक्षित 8 मार्च की शाम को लापता है। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। अग्रोहा थाना जांच अधिकारी एएसआई रामजीलाल के अनुसार जांच में सामने आया है कि गांव साबरवास निवासी संदीप ने बच्चे का अपहरण किया है लेकिन फिलहाल वह गिरफ्त से बाहर है। एएसआई ने बताया कि बच्चे के अपहरण का आरोपी संदीप ताराचंद की पत्नी के साथ रिलेशनशिप में था। संदीप और ताराचंद की पत्नी एक साथ रहते थे। कई दिन साथ रहने के बाद अब ताराचंद की पत्नी हिसार में कहीं रहने लगी थी। वह संदीप से मिल नहीं रही थी। संदीप उससे मिलने का समय मांगता रहा लेकिन महिला ने समय नहीं दिया। पुलिस के अनुसार संदीप ने अपनी प्रेमिका को सबक सिखाने के लिए उसके बेटे अक्षित का अपहरण किया है। अक्षित अपने पिता का साथ साबरवास में रह रहा था। उसके दो भाई-बहन भी यहीं रहते हैं। इसके अलावा उसकी सबसे छोटी बच्ची हिसार में अपनी मां के पास रहती है। जांच में सामने आया है कि आरोपी संदीप ने सुबह अक्षित का अपहरण कर लिया था। जब अक्षित की तलाश शुरू की गई तो संदीप भी अक्षित के परिवार के लोगों के साथ मिलकर उसकी तलाश करता रहा लेकिन शाम को संदीप भी लापता हो गया। संदीप भी शादीशुदा है। हालांकि, उसके अब तक बच्चे नहीं हैं।

# केरल में पशु चिकित्सक की हत्या के विरोध में एबीवीपी ने फूंका पुतला

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई ने केरल में पशु चिकित्सक की पीट-पीट कर की गई हत्या के रोष विश्वविद्यालय गेट पर प्रदर्शन करके पुतला फूंका। कार्यकताओं ने मांग की कि पशु चिकित्सक के हत्यारों को गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। विश्वविद्यालय अध्यक्ष सचिन ने कहा कि केरल में पशु चिकित्सा विज्ञान के द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिद्धार्थन की गुंडों द्वारा निर्ममता से पीट-पीट कर की गई थी। इस हत्या ने न केवल पशु चिकित्सा समुदाय को झकझोर दिया है बल्कि देशभर में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

जेएस सिद्धार्थन की निर्मम हत्या को कड़ी सजा दी जाए। रोहतक विभाग संयोजक रोहन सैनी ने कहा कि सिद्धार्थन को न्याय दिया जाए। इस मौके पर सुनील, नेहा, प्रीति, परमिंद्र, रिंकू, प्रतीक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं की बस अयोध्या रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने बस अड्डे पर हिसार से अयोध्या धाम जाने वाली वातानुकुलित वोल्वो बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। वोल्वो बस में 45 श्रद्धालु हिसार से अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। मंगलवार को बस को झंडी दिखाने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या में श्री राम, श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ इत्यादि मंदिर का दर्शन करवाया जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि तीर्थयात्रियों का रात्रि ठहराव लखनऊ में किया गया है, जहां पर उनका जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई है तथा उसके बाद अयोध्या में श्री रामलला जी के दर्शन करेंगे। इसी प्रकार वापसी में फिर से लखनऊ में रात्रि ठहराव के बाद तीर्थ यात्री 14 मार्च को वापिस हिसार लौटेंगे। उन्होंने कहा कि इन तीर्थ यात्रियों में सभी लोग ऐसे हैं, जिनकी अपने आराध्य प्रभु श्री रामलला के दर्शन की बहुत इच्छा थी लेकिन संसाधन न होने की वजह से नहीं जा पा रहे थे। ऐसे लोग अब इस योजना के तहत वातानुकूलित बस में बैठकर अयोध्या धाम जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ भविष्य में भी लेने के लिए सरल पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन के लिए एक लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा निशुल्क दी जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रभु श्री राम जी के जन्म स्थान अयोध्या में मंदिर बनाने को लेकर 500 साल पुराना संघर्ष था, लेकिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करके देश के गौरव को बढ़ाया है।

# पीएम ने रेलवे की 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं को देश को किया है समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया है। कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर पलवल जिला के न्यू पृथला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल माध्यम से वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सिर्फ रेलवे का ही नहीं



अपितु हाईवे और एयरपोर्ट का ढांचागत विकास हुआ है। मंगलवार को उसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85 हजार करोड़ रुपये की रेलवे की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। इनमें ईस्टर्न डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर और वेस्टर्न डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर को भी आज देश को समर्पित किया गया है। इसका लाभ यह है कि अब भारतीय रेलवे की मालगाड़ी और सवारी ट्रेने अलग-अलग ट्रेक पर चलेंगी, इससे एक ओर जहां यात्रियों के समय की बचत होगी वहीं, माल समय पर और कम लागत पर पहुंच पाएगा। यह दोनों डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर देश के विकास में निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होंगे। आने वाले समय में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से दूध भी मालगाडि?ों में लोड होकर मुंबई तक भेजा जाएगा, जिससे यहां के पशुपालकों के दूध के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों को कम लागत में दूध मिल सकेगा।

**1506 किलोमीटर लंबा है वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर:** वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर दादरी उत्तर प्रदेश से जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट नवी मुम्बई महाराष्ट्र तक 1506 किलोमीटर लंबा है, जोकि उत्तर प्रदेश से शुरू होकर राजस्थान व गुजरात होते हुए महाराष्ट्र तक जाता है। डीएफएससी के न्यू दादरी-न्यू रेवाडी जंक्शन तक का यह कॉरिडोर 128 किलोमीटर लंबा है, जिसके मार्ग में 5 स्टेशन शामिल हैं, जिनमें न्यू दादरी, न्यू फरीदाबाद, न्यू पृथला, न्यू तावडू और न्यू धारूहेडा शामिल हैं। यह खंड असावटी, पलवल और गौतमबुद्ध नगर डीएफसी को भारतीय रेल से जोड़ता है।

## संपादकीय

# छोड़ें बीड़ी-सिगरेट और रहें स्वस्थ

**धूम्रपान के आदी** मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च के दूसरे बुधवार को ह्यनो स्मोकिंग डे (धूम्रपान निषेध दिवस)ह्न मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल ह्यतंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षाह्न विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है।
ऐसे बच्चों के मन-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्युशैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरुष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्ष में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

# सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है

ललित गर्ग

> अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। इतनी देरी से इस कानून को लागू करने का एक कारण उसका बड़े पैमाने पर विरोध किया जाना दिखता है, देश में अराजकता, हिंसा एवं अशांति की संभावना को देखते हुए ही सरकार ने इसे उचित समय पर लागू करने का सोचा। यह उग्र एवं गैरवाजिब विरोध इस शरारत भरे दुष्प्रचार की देन था कि यदि यह कानून लागू हुआ तो देश के मुसलमानों की नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। इस दुष्प्रचार में कथित सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं, कई राजनीतिक दल भी शामिल थे। वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को भड़काकर उसे सड़कों पर उत्तार रहे थे, जबकि इस कानून का किसी भी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं




**संसद में** 11 दिसंबर, 2019 को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए पारित होने के लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व देश भर में लागू करके न केवल अपने राजनीतिक आलोचकों को अचंभित किया है, बल्कि देश अपने लोगों की न्यायपूर्ण नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। यह कानून भारत की नागरिकता को संतुलित, औचित्यपूर्ण एवं समतामूलक बनाने की दिशा में साहसिक कदम है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से विपक्षी दलों के अनेक नेता सीएए को लागू करने का विरोध करते हुए एक वर्ग-विशेष के लोगों को अपने पक्ष में करने की कुचेष्ठा कर रहे हैं। जबकि भाजपा सरकार एवं उससे जुड़े शीर्ष नेतृत्व इसे लागू होने के संकेत दे रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा और जो कहा, उसे कर दिखाया है। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। अब इसे लागू करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से एक सार्थक पहल का सूत्रपात किया है।
सीएए पारित हो गया था और इस कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले देश में नागरिकता नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अतः केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है, एक साहसिक एवं समयोचित कदम उठाया है। यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बंगलादेश से आये हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों के लिये एक नये सूरज का उदय है। आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। सीएए के सन्दर्भ में राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय दृष्टिकोण इस देश की वसुधैव कुटुंबकम् की संस्कृति का अंग है।
सीएए के कारण भले ही तथाकथित अराष्ट्रवादी ताकतें एवं विपक्षी दल हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना सकते हैं, लेकिन यह कानून एक आदर्श नागरिकता कानून है, लम्बे समय से इस कानून की जरूरत को महसूस करते हुए अनेक नागरिक घुटन एवं असंतुलित नागरिकता कानून के दंश को भोग रहे थे। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है तो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सीएए। इसको लेकर भी गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। सीएए को लेकर मुस्लिम समाज को भ्रमित करने की साजिश हुई है और चुनावी माहौल में यह और तीव्रता से होने की संभावना है। राजनीतिक लोग सीएए को मुस्लिम विरोधी बताने में लगे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं, उसे लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को सड़कों पर उतार दिया गया या फिर से उतारने के स्वर गूंजने लगे हैं। एक सुनियोजित साजिश के तहत लोगों को गुमराह किया गया है, यह साजिश जिस किसी ने भी रची हो, लोगों और खासकर मुस्लिम समाज को भड़काने का काम अनेक विपक्षी दलों ने किया। इनमें कांग्रेस सरीखे वे दल भी थे, जो एक समय इस कानून में वैसे ही संशोधन करने की मांग कर रहे थे, जैसे किए गए। राजनीतिक दलों के साथ-साथ तथाकथित सेक्युलर तत्वों और वामपंथी बुद्धिजीवियों ने भी यह भ्रम फैलाया कि सीएए कुछ लोगों की नागरिकता छीनने का काम कर सकता है, जबकि यह कानून तो नागरिकता देने के लिए है। सीएए का विरोध करने वाले राजनेताओं एवं उनके उकसाये लोगों को देश से जैसे कोई मतलब नहीं,
इन्हें सिर्फ अपना जनाधार चाहिए। वोट चाहिए। वोटों की संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीति के चलते राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को तार-तार किया जा रहा है? इन कानूनों में किसी के अहित की बात नहीं है, बल्कि जिनका अहित हुआ है, उनका हित निहित है, फिर क्यों बवाल है? पहले किसी भी गलत बात के लिए विदेशी हाथ का बहाना बना दिया जाता था। अब कौन-सा हाथ है? कौन चक्र चलाता है? कौन विरोधी स्वर घोलता है? आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए-एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो एक सुर में कहा गया कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। यानी यह तो तय है कि कांग्रेस की उपस्थिति देश भर में है और उसका असर जनता के एक बड़े तबके पर है। इस बात को स्वीकारते हुए कांग्रेस की ताकत को इग्नोर करना राजनीति अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत कर रही है, धीरे-धीरे वह अपनी खोई प्रतिष्ठा एवं जनाधार को हासिल करने में लगी है। इन स्थितियों को पाने के लिये वह सभी हदें पार कर रही है, मूल्यों एवं नीतियों को भी नजरअंदाज करने में भी उसे कोई संकोच एवं परहेज नहीं है। भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अतः जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए।

बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। इतनी देरी से इस कानून को लागू करने का एक कारण उसका बड़े पैमाने पर विरोध किया जाना दिखता है, देश में अराजकता, हिंसा एवं अशांति की संभावना को देखते हुए ही सरकार ने इसे उचित समय पर लागू करने का सोचा। यह उग्र एवं गैरवाजिब विरोध इस शरारत भरे दुष्प्रचार की देन था कि यदि यह कानून लागू हुआ तो देश के मुसलमानों की नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। इस दुष्प्रचार में कथित सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं, कई राजनीतिक दल भी शामिल थे। वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को भड़काकर उसे सड़कों पर उत्तार रहे थे, जबकि इस कानून का किसी भी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं। वास्तव में यह नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है।

## कविता

तेरी नफरत ने दीवाना बना दिया

तेरी नफरत ने दीवाना बना दिया,
तेरे बिना बिंदास जीना सीखा दिया।

तेरी बेरुखी ने बे- आबरु किया मुझे,
बंदगी ने तेरी,मयकदे को घर बना दिया।।

तेरी-मेरी नफरत की मोहब्बत ने ,
मुझे आशिकी करना सिखा दिया।।

जरा रकीब को जी भर कर देख ले,
हालात ने हवा में उड़ना सिखा दिया।

जितनी मोजब्बत की,वैसी नफरत भी ।
देखो तुमने इश्क का मकबरा सजा दिया।।

मोहब्बत में सिर्फ आशिकी ही नहीं,
नफरत को भी तेरी हमने इबादत बना दिया।।

शमशीर से नहीं,नजरों से कत्ल हुआ मेरा।
तेरी आंखों ने हमें जीना सिखा दिया।

चलो रिश्ते को देते हैं, इक नया नाम,
तेरी नफरत ने मुझे अफसाना बना दिया '

संजीव ठाकुर

# नागरिकता संशोधन कानून, सुरक्षित हैं आप

प्रभुनाथ शुक्ल

**नागरिकता** संशोधन कानून यानी सिविल एबेडमेंड एक्ट (सीएए) आखिरकार देश में लागू हो गया है। इस कानून को लागू करना क्या मोदी सरकार की मजबूरी थी। यह कानून क्या इतना आवश्यक था कि लोकसभा चुनाव के ठीक पहले लागू किया जाता। क्या यह कानून पूरी तरह से पारदर्शी और देश के हित में है। क्या भारीतय मुसलमानों की नागरिकता पर इस कानून का कोई असर पड़नेवाला है। अगर ऐसा नहीं है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध क्यों किया जा रहा है। विपक्ष सरकार पर सवाल खड़े क्यों कर रहा है। देश के मुसलमानों को डराया क्यों जा रहा है। हिंदुत्व और संघ का एजेंडा इसे क्यों बताया जा रहा।
विपक्ष इस कानून पर भ्रम क्यों फैला रहा है। क्या चुनावी लाभ के लिए विपक्ष मुसलमानों में असुरक्षा की भावना पैदा करना चाहता है। क्या मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस कानून के संबंध में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है ?
सवाल उठता है की क्या मोदी सरकार वास्तव में पारदर्शी रूप से इस कानून को लागू किया है। क्या सरकार कानून के जरिए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन और इसाई समुदाय का ध्रुवीकरण करना चाहती है। लोकसभा चुनाव के एन वक्त पर ऐसे कानून लाकर क्या भाजपा सीधा लाभ नहीं लेना चाहती। विपक्ष आखिर ऐसे कानून का विरोध क्यों कर रहा है। वह डर क्यों रहा है। सच तो यह है इस कानून के जरिए जहां सरकार गैर मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है वहीं विपक्ष मुसलमानों को सीएए का भय दिखा कर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण करना चाहता है। हालांकि यह कानून लोकसभा चुनाव के बाद भी लागू किया जा सकता था। लेकिन गृहमंत्री अमित शाह बार-बार यह कह रहे थे कि नागरिकता संशोधन कानून चुनाव के पहले लागू किया जाएगा और लागू भी कर दिया गया। विचारणीय बिंदु यह है कि विपक्ष इस कानून को लेकर लोगों को भ्रमित क्यों कर रहा है। कानून को हिंदुत्व का एजेंडा क्यों बताया जा रहा है। क्या यह कानून एंटी मुस्लिम है। क्या इस कानून के लागू होने के बाद भारत में रहने वाले मुसलमानों की नागरिकता खत्म जाएगी। क्या देश के किसी भी नागरिक की नागरिकता समाप्त करने के लिए यह कानून लाया गया है। यह सब भ्रामक प्रचार है। इस कानून में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। भारत में रहने वाले गैर हिंदू यानी मुसलमानों की नागरिकता पर कोई सवाल नहीं उठाता है। यह कानून सिर्फ उन्हीं गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों नागरिकता प्रदान करेगा जो पाकिस्तान, बग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक रूप से प्रताड़ित हैं और 31 दिसम्बर 2014 से पूर्व भारत में शरणार्थी जीवन यापन कर रहे हैं। इसमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यक शामिल हैं। कानून के लागू होने के बाद ऐसा भी नहीं होगा कि संबंधित अल्पसंख्यक भारत में आते रहेंगे और सरकार उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करती रहेगी।

## विचार

# राष्ट्रवादी चिंतन देश की बौद्धिक संपदा

संजीव

**राष्ट्रवाद सार्वभौ**मिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है
देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं'
राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इधर भाजपा का बढ़ता परिवार- उधर विपक्ष की गहराती निराशा

मृत्युंजय दीक्षित

**एक** ओर प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के पूर्व जिन क्षेत्रों में भाजपा कुछ कमजोर लग रही है उन क्षेत्रों का सघन और तीव्र गति से दौरा कर रहे हैं और हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास के साथ रोड शो एवं जनसभाओं को संबोधत करके,ह्लअबकी बार चार सौ पारह्व और ह्लएक बार फिर मोदी सरकारह्व का नारा लगाकर भाजपा व राजग के पक्ष में एक वातावरण बना रहे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता अपने आलाकमान की हरकतों के कारण लगातार कांग्रेस छोड़ रहे हैं और यही नहीं कांग्रेस के सहयोगी क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस को ठेंगा दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 400 पार को कुछ सीमा तक सरल बनाने का कार्य कर रहे है। कांग्रेस आलाकमान की अकर्मण्यता और केवल परिवार को ही बढ़ावा देने की रणनीति के कारण कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन की संभावनाएं आरम्भ में ही समाप्त होती दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण के राज्यों मे भाजपा की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दक्षिणी राज्यों के उन सभी मंदिरों का दर्शन किया था जिनका सम्बन्ध राम या रामायण से है। दक्षिण के राज्यों में अपनी पैठ को बनाने के लिए भाजपा लगातार प्रयास कर रही है, काशी में दो बार आयोजित काशी तमिल संगमम इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु में लगातार जनसभाएं कर रहे हैं जिनमें वह द्रमुक के भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर काफी मुखर हो रहे हैं और वहीं द्रमुक नेताओं के सनातन विरोधी बयानों को भी मुददा बना रहे हैं। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ रही है । अब देखना महत्वपूर्ण होगा कि तमिलनाडु में जहां भाजपा का वोट प्रतिशत कितना बढ़ पाता है ।
अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा की राज्य इकाई भी सशक्त है तथा राज्य में धरातल पर सक्रियता बढ़ा रही है। तमिलनाडु भाजपा ने घर- घर कमल पहुंचाने के लिए पैदल यात्रा भी निकाली है। आंध्र प्रदेश - दक्षिण का दूसरा सबसे बड़ा किला आंध्र प्रदेश भाजपा के लिए सदा कठिन रहा हे किंतु इस बार भाजपा ने अपने पुराने सहयोगियों पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगूदेसम और पवन कल्याण की पार्टी जनसेना के साथ हाथ मिला लिया है।

## देश पसंद है

डॉ. सुरेश कुमार

बेबी! तुम्हें ऐसा कैसा भूत चढ़ा है। सब कुछ अच्छा तो चल रहा है। इतनी खूबसूरत हो। इतनी जवान हो। अभी अगले दस साल तक तुम्हारे पास कोई फटकने वाला भी नहीं है। फिर यह बेवजह की जिद क्यों कर रही हो? चलो यहाँ से अमेरिका चलते हैं। वहाँ भी तुम्हारी खूबसूरती के बेशुमार दीवाने हैं। मेरी बात मानो यह देशभक्ति छोड़ो अपना मेकअप किट संभालो। देश को बचाने का काम सैनिकों का है, हमारा नहीं। हम सेलिब्रिटीज हैं। हमारा काम पेज थ्री में बना रहना है। लाइमलाइट की चकाचौंध से घिरे रहना है। यह देशभक्ति का जुनून आर्मी वालों को फबता है। ऐसी पागलपंती तुम्हें सूट नहीं करेगी। अपने लिए न सही अपने फैंस का तो खयाल करो। इस गोरे और कोमल बदन पर इतनी ज्यादती तो न करो। देश को बचाने के लिए कोई न कोई सिरफिरा, जुनूनी और पागल मिल जाएगा। लेकिन तुम्हें कुछ हो गया तो तुम्हारे फैंस का क्या होगा? उन्हें तुम्हारी जैसी खुबसूरती का कहर बरपाने वाला कहाँ मिलेगा। तुम्हारी अदा और शोखियों के कितने दीवाने हैं यह भला तुम जानती भी हो। भावनाओं में बहकर तुम बचकाना हरकतें मत करो। देश का मतलब महज मिट्टी तो है। इसके लिए भला कोई सेंटी होता है। प्रैक्टिकल बनो प्रैक्टिकल। इस देश से जितना हमें कमाना था कमा लिया। अब यहाँ से निकलो। चलते हैं किसी और देश। देखना वहाँ पर भी तुम्हारे कातिल जलवे के चाहने वाले लाखों मिलेंगे। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के बॉय फ्रेंड ने कहा। यह बात तुम कह रहे हो जिसने देशभक्ति पर इतनी सारी फिल्में की है! इन्हीं फिल्मों के लिए लोगों ने दीवानों की तरह तुम पर अपना सब कुछ लुटाया! थिएटरों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगाईं! टिकट न मिलने पर मारा-मारी की! तुम्हारे डॉयलॉग बोलने की स्टाइल की नकल करते फैंस के बारे में तुम ऐसे-कैसे सोच सकते हो। वो तुम्ही को देशभक्ति का मसीहा समझते हैं। और तुम हो कि देश छोड़कर भागने की बात कर रहे हो। अभिनेत्री ने देशभक्ति कुमार को लताड़ते हुए कहा।

अरे बेबी तुम समझती क्यों नहीं। वे फिल्में थीं। यह लाइफ है। फिल्में लाइफ नहीं होतीं और लाइफ फिल्म नहीं। वहाँ तो हम

## न्यूज फ्लैश

### अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए 15 मार्च तक आवेदन

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: डीसी** डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित तिथि को 15 मार्च तक आगे बढ़ा दिया है।

उन्होंने बताया कि बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना 2023-24 के अंतर्गत इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग ब्लॉक ए व बी एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थियों व बारहवीं तथा स्नातक के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की तरफ से आवेदन जमा करवाए जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि कुछ आवेदनों जिनमें दस्तावेजों सरकारी हिदायतों के अनुसार नहीं है। ऐसे विद्यार्थी जिला कल्याण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि आवेदक अपने आवेदनों की जल्द से त्रुटियां दूर करें व नए पात्र आवेदक 15 मार्च तक अपने फॉर्म जमा करवा सकते हैं।

### एफ एन एल जिला कोर्डिनेटर ने दक्षताओं के अनुसार छात्रों के ज्ञान की परख की



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** एफ एन एल जिला कोर्डिनेटर आशुतोष ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला गोविंद माजरा में कक्षा पहली से तीसरी क्लास तक चल रहे आकलन संबंधी निरीक्षण किया और बच्चों से उनके ज्ञान से संबंधित विभिन्न दक्षताओं पर सवाल पूछे , जिसका बच्चों ने बड़ी तत्परता से उत्तर दिया ।उन्होंने हर कक्षाओं में जाकर बच्चों से हिंदी ,गणित एवं अंग्रेजी विषय के दक्षताओं के अनुसार करवाई जा रही दक्षताओं के अनुसार उनके ज्ञान की परख की और अध्यापकों द्वारा करवाई गई मेहनत से बहुत संतुष्ट हुए। इसके लिए उन्होंने अध्यापकों की मेहनत को सराहा। जानकारी देते हुए आशुतोष ने बताया कि वे प्रतिदिन जिले के विभिन्न विधालयों में विजिट कर रहे हैं, और बच्चों के साथ ,अध्यापकों की मेहनत रंग ला रही है ।उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पहले से तीसरी तक एफ एल एन के तहत कक्षाओं में पढ़ाई की जा रही है जिसका पाठ्यक्रम भी निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार बच्चों को दिए गए दक्षताओं के अनुसार निपुण बनाना है ।उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले के सभी विद्यालयों में यह कार्यक्रम चल रहा है और इसके बहुत ही अच्छे परिणाम आ रहे हैं ।उन्होंने बताया कि अब तीसरी कक्षा के बच्चे बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान में निपुण हो रहे हैं और दी गई दक्षताओं के अनुसार अध्यापक बड़ी लगन एवं मेहनत से कार्य करवा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप हरियाणा निपुण के अवधारणा सफल हो रही है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बलजीत सिंह, मुख्याध्यापक रामकरण, शीला देवी, अमरजीत पांचाल ,बलदेव , राजेश कुमार व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पानीपत के छात्रों ने जीता गोल्ड मेडल

**समालखा:** फतेहाबाद में आयोजित हुई 31वीं जूनियर हरियाणा स्टेट बेसबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया विद्यालय के छात्र शुभम तिवारी, यश नांदल, दक्ष कुमार तथा चंदन राज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की निदेशक एवं प्रधानाचार्या डॉक्टर सपना गुप्ता ने छात्रों का अभिनंदन किया तथा उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

विद्यालय के अध्यक्ष रमेश रेवड़ी ने इस अवसर पर कहा कि वह छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए सभी प्रकार के कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं ' वे चाहते हैं कि छात्र पढ़ने के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें ' वे ऐसा वातावरण विद्यालय में बनाने का पूरा प्रयास करते हैं जिससे छात्रों को प्रेरणा मिल सके।

# फूलों की वर्षा कर संगत ने किया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का भव्य स्वागत

**पंज प्यारों की अगुवाई में ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में लाए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के स्वरूप**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** दिल्ली से लाए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के नए स्वरूपों का उत्साह से लबरेज केसरी दस्तार में सजी सिख संगत ने बोले सो निहाल सत्श्री अकाल की गूंज और फूलों की वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। मोटरसाइकिल व स्कूटी का काफिला लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना के नेतृत्व में पहुंची संगत ने उमरी में पूरे जोश से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज लेकर पहुंचे पंज प्यारों को सिरोपा पहना कर अभिनंदन किया। जैसे ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के स्वरूप उमरी पहुंचे, तो भारी गिनती में पहुंची संगत ने बोले सो निहाल सत्श्री अकाल का उद्घोष किया। संगत ने फूलों की बरसात करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और फिर नाम सिमरन करते हुए संगत ने पंज प्यारों की अगुवाई में वहां से



ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी की ओर रुख किया। बीच रास्ते में अनेक स्थानों पर संगत ने श्रद्धाभाव से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का स्वागत किया। यही नहीं, इस दौरान संगत फलों व मिष्ठान का प्रसाद भी वितरित किया। गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर भी वहां पहले से मौजूद संगत ने काफिले का जोरदार अभिनंदन किया।

इससे पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज सभी दस गुरु साहिबान की ज्योत है और सिख के लिए सत्कारयोग है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रों में स्थापित गुरुद्वारा साहिबान में सुशोभित करने के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के स्वरूप की मांग को पूरा करने के लिए दिल्ली से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के ५० स्वरूप यहां लाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जहां से भी मांग आती है, पहले वहां धर्म प्रचार के प्रचारक द्वारा पड़ताल की जाती है। पड़ताल के बाद ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का स्वरूप दिया जाता है। इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति मैंबर बीबी रविंदर कौर अजराना, धर्म प्रचार सचिव भरपूर सिंह, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, उप सचिव रूपिंदर सिंह, सतपाल सिंह, अमरिंदर सिंह, धर्म प्रचार के सहायक सुपरवाईजर गुरपेज सिंह, मैनेजर जज सिंह, वरिष्ठ सिख नेता सरदार तजिंदर सिंह मक्कड़,सरदार नरेंद्र सिंह गिल दिलबाग सिंह ,जसपाल सिंह,रगुबीर सिंह, अमरेन्द्र सिंह,बलबीर सिंह,देवेंद्र सिंह ,जगजीत सिंह, गुरबीर सिंह, जगजीत सिंह, हरकीरत सिंह, प्रभजोत सिंह, गुरमीत सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरलाल सिंह, वरिंदर सिंह दुनियामाजरा, गुरविंदर सिंह, भूपिंदर सिंह दुनियामाजरा, हरदयाल सिंह सहित भारी गिनती में सभी सामाजिक धार्मिक सभा सोसायटी के प्रतिनिधि एवं इलाके की साध संगत मौजूद रही।

## सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं का लाभ उठाएं: उपायुक्त

**मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान करता है, फसल उत्पादन के जोखिम को कम करने के लिए उठाए जा रहे प्रभावी कदम**

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और फसल उत्पादन के जोखिम को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा किसानों के हित में लिये गये निर्णयों को धरातल पर उतारा जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत में अधिक उत्पादन के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाना चाहिए। सरकार का मानना है कि इससे पानी बचाने और इसका संचयन करने में खास मदद मिलने के साथ ही भूमिगत जल स्तर को भी रिकवर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबंधित सिंचाई के नये आधुनिक तकनीकी साधन उपलब्ध कराने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। यह मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस विधि से रासायनिक उर्वरकों के साथ घोल बनाकर फसल तैयार की जा सकती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वो इस योजना के साथ जुड़े व इसका लाभ लेकर अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाएं।

# 'पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी'

**स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, सात दिवसीय विशेष शिविर ज्योतिसर गांव में शुरू**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) के राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, सात दिवसीय विशेष शिविर ज्योतिसर गांव में शुरू हुआ।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने अंतर्दृष्टिपूर्ण व्याख्यान ने पर्यावरण के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला और भावी पीढ़ियों के लिए इसकी रक्षा और पोषण करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की सामूहिक



जिम्मेवारी है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और साथ ही लोगों को पेड़ काटने से बचाना है क्योंकि पेड़ पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।डॉ. बब्बर ने ज्योतिसर गांव में एक पौधा लगाया, जिससे हरित और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। व्याख्यान और वृक्षारोपण समारोह के अलावा, एनएसएस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने के लिए रैली का आयोजन किया। रैली ने पर्यावरणीय प्रबंधन के संदेश को बढ़ाने और स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में सामूहिक रूप से समर्थन जुटाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया ।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने डॉ. दीपक राय बब्बर के बहुमूल्य व्याख्यान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजकों एवं प्रतिभागियों की ओर से हार्दिक स्वागत एवं हार्दिक धन्यवाद दिया। डॉ. संदीप कुमार ने पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने में ऐसी शैक्षिक पहलों के महत्व पर जोर दिया और सभी से स्थायी प्रथाओं में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया।

### 9 साल सीएम से सबसे ज्यादा मैं लड़ा जनता के मुद्दों को लेकर: जयहिंद

**मनोहर** लाल खट्टर के मुख्यमंत्री रहते हुए सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने जन समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए सालों जंग जारी रखी। चाहे बुढ़ापा, विधवा, विकलांग पेंशन का मामला हो या फिर खिलाड़ियों के खेल कोटा खत्म होने की बात या पहरावर गांव में गोड़ संस्था की जमीन दिलाने की लड़ाई हो, मुखर होकर अपनी आवाज सरकार के सामने रखी। जिसके चलते सरकार को भी झुकना पड़ा और मनोहर लाल खट्टर को जन समस्याओं के समाधान के लिए आदेश जारी करने पड़े। अब मुख्यमंत्री पद का चेहरा भले ही बदल गया हो, लेकिन पद तो वही है। समस्याओं के समाधान करने के लिए जो भंडारा करने का ऑफर मनोहर लाल खट्टर को दिया था वही ऑफर अब नए मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिए भी है। नवीन जय हिंद ने कहा की वह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हैं, लेकिन जनता के काम तो करने पड़ेंगे। अगर मुख्यमंत्री नायब सैनी जनहित के काम करेंगे तो उनका स्वागत करेंगे।

लेकिन अगर जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो नवीन जयहिंद की आवाज वैसे ही गूंजेगी जैसे मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में गूंजा करती।

## प्रधानमंत्री मत्सय सपदा योजना के तहत हुई बैठक

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री मत्सय सपदा योजना के तहत बैठक सम्पन्न हुई जिसमें वर्ष 2024-25 की डीपीआर अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई।

डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्यों को तय समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत युवाओं को ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। बैठक में जिला मत्सय अधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए 7.75 करोड की डीपीआर प्रस्तुत की गई।

जिला मत्सय अधिकारी भीमसैन बैनीवाल ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में 309 मत्सय किसान हैं जो 911.45 हैक्टेयर भूमि पर मत्सय पालन करते हैं। इस वर्ष 9800 मी. टन मत्सय उत्पादन किया गया है। विगत वित्त वर्ष में 28 हैक्टेयर सैक्टर में नए तालाब खुदवाए गए हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि कोई भी बेरोजगार व्यक्ति मत्सय पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। प्रधानमंत्री मत्सय योजना के तहत मत्सय ईकाई की स्थापना पर 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। पारदर्शिता बरतते हुए सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किसानों को अनुदान प्रदान करती है।

डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मत्सय पालन में रूचि रखने वाले युवाओं से अपील की कि वे इस व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आगे आएं। प्रदेश सरकार मत्सय पालन को निरंतर बढ़ावा दे रही है।

## 'नशा मुक्त अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करेगा एनएमबीए एप'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज में फैली नशे जैसी घातक बीमारी को जड़ मूल से खत्म करना सरकार की प्राथमिकता है इसको लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि अब नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सभी नागरिकों को ऐप के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। इसमें एनएमबीए ऐप के प्रयोग को जिले में बढ़ाया जाएगा व इसके माध्यम से लोगों को नशे मुक्त का संदेश दिया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस ऐप को डाउनलोड कर इस अभियान का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की भी इस ऐप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें ताकि नशे जैसी घातक बीमारी से आम व्यक्ति को बचा जा सके।

# जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर किया प्रर्दशन

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** हुडा विभाग की ग्रीन बेल्टों और दूसरी संपत्तियों पर भूमाफियाओं के द्वारा किए जा रहे कब्जो और संपदा अधिकारी की स्थाई नियुक्ति को लेकर जन आवाज सोसाइटी के सदस्यों ने जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सभी सदस्य कार्यालय के अंदर तक पहुंच गए और जूनियर इंजीनियर रामपाल आर्य के साथ जमकर बहस बाजी की



इस अवसर पर जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने कहा कि पानीपत औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ सरकार को काफी राजस्व देने वाला शहर भी है लेकिन इन सबके बावजूद विभाग में संपदा अधिकारी के न होने से लोग धक्के खाते फिर रहे हैं जबकि यह विभाग खुद मुख्यमंत्री के पास है और वह महीने में कई चक्कर पानीपत लगा रहे हैं उसके बावजूद भी लोग भारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में लगभग पांच संपदा अधिकारी अपना ट्रांसफर करवा कर आते जाते रहे हैं जब तक उनको कोई काम समझ आता है तब तक उनका ट्रांसफर हो जाता है या वह खुद ही ट्रांसफर करवाने के चक्कर में लग जाते हैं उन्होंने कहा कि हुड्डा से संबंधित लोगों की फाइलें अलमारी में सजी पड़ी है लेकिन उन पर कोई हस्ताक्षर करने वाला नहीं मिलता जिसके चलते लोगों को बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के ढूल मूल नीति के चलते पानीपत में कोई स्थाई कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति न होने से और मुख्य प्रशासक द्वारा शिकायतों पर संज्ञान न लेने से भूमाफियाओं के हौसले बड़े हुए हैं जिसके चलते ख हुड्डा विभाग की जमीनों पर धड़ल्ले से अवैध कब्जे का कार्य चल रहा है यहां तक की भू माफियाओं द्वारा शहर के ईमानदार नेताओं के साथ मिली भगत करके ग्रीन बेल्टों की जमीन को भी नहीं छोड़ा उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई पंक्ति में आखिरी छोर पर खड़े उस गरीब इंसान के लिए है जिनको मिलने वाली सुविधाओं को भ्रष्ट अधिकारी और माफिया लोग अपनी तिजोरी में बंद कर देते हैं उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कई बार मुख्य प्रशासक को बरसात रोड पर हुड्डा विभाग की सैकड़ो गज जमीन पर कब्जा करके उसमें ऐससीओ काटे जा रहे हैं।

# एक स्टेशन-एक उत्पाद के स्टॉल का पीएम ने किया उद्घाटन

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने शिरकत की।**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल का प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने शिरकत की। क्षेत्रीय अधिकारी रामावतार मीना, स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीना, यातायात निरीक्षक आरके राना, वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य) जेके अरोड़ा, वाणिज्य निरीक्षक विनोद कुमार, वरिष्ठ खंड अभियंता (विद्युत) राजेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता (टेली) प्रदीप मोर कुरुक्षेत्र मुख्यातिथि का




स्टेशन पर पहुंचने पर स्वागत किया।

नप निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक स्टेशन-एक उत्पाद योजना के तहत स्टेशन पर स्टॉल स्थापित किए गए है। इन स्टॉल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया गया है। रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को इन स्टॉल के माध्यम से रसायन रहित जैविक

**वीसी से**

**8 केंद्र सरकार द्वारा एक स्टेशन-एक उत्पाद योजना के तहत स्टेशन पर स्टॉल स्थापित किए गए है**

उत्पाद जैसे की आचार, मुरब्बा, शहद और चटनी आदि मिलेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान, विनोद कुमार, रामपाल पाली, अमित रोहिल्ला, सुशील राणा, सोहन लाल, मेहर सैनी, रमेश सैनी, हरीश अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# 'इग्नू भारत ही नहीं अपितु विश्व का सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात विश्वविद्यालय'

**इग्नू में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है, पहला जनवरी सेशन के लिए और दूसरा जुलाई सेशन के लिए**

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: इग्नू** के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) भारत ही नहीं अपितु विश्व का सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात विश्वविद्यालय है। इग्नू में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सेशन के लिए और दूसरा जुलाई सेशन के लिए। जनवरी सेशन की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते कॉलेज में ऐडमिशन नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसनी से इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। जॉब करने वाले कैंडिडेट भी आसनी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख



सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है। उन्होंने बताया कि इग्नू की पढ़ाई का तरीका बाकी यूनिवर्सिटीस से कफी अलग है, इस यूनिवर्सिटी में क्लासरूम टीचिंग मेथड से नहीं पढ़ाया जाता है। यहा की शिक्षा सेल्फ लर्निंग, स्टडी मैट्रियल,

**उच्च शिक्षा**

**8 उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है**

काउंसलिंग सेशन, फेस टू फेस और टेली कॉन्फ्रेंसिंग के सिस्टम से होती है।

डॉ. धर्म पाल ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए इग्नू में अपार सम्भावनाये उपलब्ध है ऐसे विद्यार्थी इग्नू से बैचलर ऑफ आर्ट्स(बीएजी), बैचलर ऑफ कॉमर्स (बीकॉम), बैचलर ऑफ कॉमर्स इन एकाउंटेंसी एंड फाइनेंस(बीकॉमए एंड एफ), बैचलर ऑफ साइंस(बीएससी), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन(बीसीए), बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस(बीलिस), बैचलर ऑफ आर्ट्स इन टूरिज्म स्टडीज(बीटीएस) और बैचलर ऑफ सोशल वर्क(बीएसडब्लू) कर सकते है इसके अलावा विद्यार्थी बैचलर ऑफ आर्ट्स होनर्स इन इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पोलिटिकल साइंस,साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन,सोशलॉजी, इंग्लिश आदि में भी एडमिशन ले सकते है।

# विधायक ढांडा ने किया हरिसिंह चौक से भैंसवाल वाली सड़क का शिलान्यास

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: पानीपत** ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने हरि सिंह चौक से भैंसवाल मोड तक बनने वाली सडक का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करने के लिए 47 करोड रुपए मंजूर किए हैं। इसी के तहत इस सडक का निर्माण किया जाएगा। इस सडक को 2 साल पहले सीवरेज लाइन डालने के लिए उखाडा. गया था। जिसे अब दोबारा से बनाया जाएगा। विधायक महीपाल ढांडा का कार्यक्रम के आयोजक श्री विश्वकर्मा



पांचाल सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल ने फूल मालाओं से विधायक का स्वागत किया। वहीं विधायक महीपाल ढांडा का स्वागत करने वालों में सुरेंद्र परुथी ,डा.रफल सिंह कश्यप, भूपेंद्र सिंह पांचाल, हरीश कटारिया, प्रेम तोमर, बिजेंद्र पांचाल, श्याम शर्मा, पवन जैन, जसमेर, देवेंद्र गर्ग, संजय मल्होत्रा, दिनेश मास्टर, रतन पांचाल, रविंद्र पांचाल, जितेंद्र पटवा, सरदार गुरमीत सिंह, मानसिंह पाल, लखन तावड़ा, तरूण तावड़ा, अनिल शर्मा, कुलदीप, सुरेश चौहान, सुनील शर्मा, भूपेंद्र बालियान आदि शामिल रहे। मंच

# सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

## मुख्यमंत्री बनाने के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी मनाई, एक दूसरे को गुलाल लगाया और लड्डू वितरित किये

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सांसद नायब सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी मनाई, एक दूसरे को गुलाल लगाया और लड्डू वितरित किये। ढोल की थाप पर भाजपा नेता राजीव जैन, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा और पार्षद हरि सैनी तथा महामंत्री नवीन मंगला जमकर नाचे। सैनी पुरा में आयोजित कार्यक्रम में महिलाएँ एवं बुजुर्ग भी नाचने लगे। राजीव जैन ने गरीब किसान के बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहरलाल समेत तमाम नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह केवल भाजपा में ही संभव है कि एक छोटा सा कार्यकर्ता सर्वोच्च पद पर पहुँच सकता है।





उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साढ़े नौ वर्षों में जो गरीब कल्याण की योजनाएं शुरू की है मुख्यमंत्री नायब सैनी उन्हें आगे बढ़ाने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नायब सैनी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाकर साबित कर दिया है कि वह हमेशा अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हैं।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद जवाहर बत्रा, मनोज शर्मा, सेवा राम सैनी, जगदीश सैनी, कलीराम सैनी, चुन्नू सैनी, रजत जैन, जय भगवान, प्रेम सैनी, पवन, लखि राम सैनी सहित सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

# 60 करोड़ की लागत से बनेगा पानीपत शहर में ऑडिटोरियम

**आधुनिक**

8 विधायक विज ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट का लगवाया टेंडर, आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा ऑडिटोरियम



**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** पानीपत शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत से. 12 में विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से पानीपत शहर को 60 करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम की सौगात मिलने जा रही है` विधायक विज लम्बे समय से शहर में ऑडिटोरियम बनाने हेतु प्रयासरत थे। बीते मंगलवार को विधायक विज ने ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य का टेंडर लगवा दिया है` विधायक का कहना है कि ऑडिटोरियम बनने से शहर के लोगों को सार्वजानिक कार्यक्रम करने हेतु एक उचित स्थान मिलेगो ऑडिटोरियम शहर की जरुरी आवश्यकता थी जिसका पूर्ण होना आवश्यक था इसका टेंडर लगा दिया गया है शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा

**ये होंगी सुविधाएं**

ऑडिटोरियम तीन मंजिल का बनाया जाएगा साथ में बेसमेंट पार्किंग की प भी सुविधा होगी` ऑडिटोरियम के भूतल पर मल्टीपर्पज हॉल, वीआईपी लाउन्ज और 800 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी फर्स्ट फ्लोर पर लाइब्रेरी की सुविधा होगी जिसमे कंप्यूटर और इन्टरनेट की भी सुविधा मिलेगी लाइब्रेरी स्टाफ के लिए अलग-अलग रूम बनाए जाएँगे रिहर्सल रूम भी बनाया जाएगो सेकंड फ्लोर पर वेटिंग रूम, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग- अलग बाथरूम की व्यवस्था होगी तीसरे फ्लोर पर कैफेटेरिया, सिटिंग टेरेस, किचन और 200 लोगों की बैठक व्यवस्था वाली ऑडिटोरियम बालकनी उपलब्ध होगी ऑडिटोरियम में ऊपर आने-जाने के लिए सीढ़ियों के साथ-साथ लिफ्ट का भी प्रयोग कर सकेंगे प्रांगण में स्टेशनरी शॉप भी उपलब्ध होगी।

# सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**महिला** एवं बाल विकास कार्यक्रम समालखा विभाग द्वारा कार्यालय पर सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उपमंडल के सातों सर्कल, आंगनबाड़ी वर्करों सहित महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय महिलाएं चुनी गई। इन महिलाओं को विभाग द्वारा पुरस्कार स्वरूप चेक देकर प्रोत्साहन के साथ ही कैशलेस प्रणाली को बढ़ावा दिया गया।

**प्रणाली**

8 महिलाओं को विभाग द्वारा पुरस्कार स्वरूप चेक देकर प्रोत्साहन के साथ ही कैशलेस प्रणाली को बढ़ावा दिया गया


कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ रजनी दत्त ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी महिलाएं संस्थागत प्रसव कराएं। प्रसव के बाद दूध-दलिया का सेवन करें। बच्चे को 6 माह तक केवल मां का ही दूध पिलाएं और 6 माह के बाद बच्चे को ऊपरी आहार के साथ ही मां का दूध भी पिलाएं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ऐसी महिलाओं को चुना गया, जिन्होंने संपूर्ण टीकाकरण के साथ ही बच्चों में 3 वर्ष का अंतर रखा है। इसके साथ ही इन माताओं के बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को बच्चों की देखभाल व आहर के बारे में जागरूक व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। कार्यक्रम में गांव करहंस से मुन्नी प्रथम, गांव आट्टा से प्रेरणा द्वितीय, गांव नारायणा से मनीषा से तृतीय रही।

# अशोक अरोड़ा ने जाहिर की लाखों वैलिड वोट कटने की आशंका

## जनता के लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा करें कांग्रेसजन, हरेक वोटर की करें मदद- अशोक

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र.:** अशोक अरोड़ा पूर्व मंत्री ने प्रदेश में लाखों वोट कटे जाने की आशंका जाहिर की है। तमाम मतदाताओं, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं के लिए जारी संदेश में अशोक अरोड़ा पूर्व मंत्री ने सभी से वोटर लिस्ट चैक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा में 3 से 4 हजार वोट काटे गए हैं। लोगों ने जानकारी दी है कि बीजेपी-जेजेपी द्वारा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ की गई और जानबूझकर कांग्रेस समर्थित लोगों की वोट काटी गई। कई जगह



वोटरों के वार्ड भी बदल दिए गए हैं। अगर यह जानकारी पूर्णतया या आंशिक तौर पर भी सही है तो इसे जनता के लोकतंत्रिक अधिकार पर सीधा हमला माना जाएगा। हार की बौखलाहट में सत्ताधारी पार्टियां

**काटे गए**

8 आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा में 3 से 4 हजार वोट काटे गए हैं

जनता से उसका मतदान का अधिकार छीन रही हैं।

इसलिए अशोक अरोड़ा पूर्व मंत्री ने सभी पार्टी नेता व कार्यकताओं को इस मामले में सक्रिय हस्तक्षेप के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी, अपने परिवार और अपने-अपने क्षेत्रों की पूरी वोटर लिस्ट चेक करें। चुनाव आयोग के जिला कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर उसमें गांव व वार्ड के मतदाताओं के नामों का मिलान करें। अगर किसी का वोट काटा गया हो तो उसके संबंध में तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और फिर से वोट जुड़वाने का काम करें। कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ता अपने स्तर इसकी जिम्मेदारी लें

ताकि किसी भी नागरिक से उसका वोट देने का संवैधानिक अधिकार ना छीन सके। देश में किसी भी वक्त आदर्श आचार संहिता का ऐलान हो सकता है। इसलिए यह कार्य उससे पहले जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

# चौधरी मुनीर गुर्जर बने भाजपा पानीपत अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रफाकत हसन ने जिला पानीपत की नई पदाधिकारियों की सूची जारी की जिसमें चौधरी मुनीर गुर्जर को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मुनीर गुर्जर ने अपने शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त प्रदेश अध्यक्ष नायाब सैनी, करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया , मेरे आदर्श मुझे छोटे भाई की तरह प्यार और मान



सम्मान देने वाले महीपाल ढांडा, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रफाकत हसन इन सभी नेताओं का बहुत बहुत धन्यवाद करते हुए ये आश्वस्त किया कि जो पार्टी की तरफ से जो मेरी जिम्मेवारी लगाई गई हैं। उसको निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करूंगा। और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 400 पार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन प्रधानमंत्री बनाने के लक्ष्य पर काम किया जाएगा।

# पीएम वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत आज करेंगे वर्चुअली संवाद

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 13 मार्च को दोपहर बाद ढाई बजे समाज के वंचित वर्गो के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअली संवाद करेंगे तथा प्रधानमंत्री सूरज राष्ट्रीय पोर्टल को लांच करेंगे। प्रधानमंत्री के लाईव प्रसारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम का स्थानीय डॉ. मंगल सैन के सभागार में सीधा प्रसारण होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करने के उपरांत दी। इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा ऐसी योजनाएं लागू की गई हैं जिनका लाभ उठाकर पात्र लोग अपने जीवन स्तर को उंचा उठा सकते हैं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ लेने वाले लाभार्थियों को कार्यक्रम में शामिल किया जाए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में करनाल जिला के लाभार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सरकार की कुछ आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं के लक्षित समूह के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे।

# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं ज्यादा से ज्यादा लाभ : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने किसानों से आह्वान किया कि वे पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा। पशुपालकों को ऋण का केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से करना होगा भुगतान-उपायुक्त ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा तथा उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि 7 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम 3 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है और सुविधा अनुसार जमा करवाई जा सकती है। कार्ड धारक को ऋण राशि निकलवाने या खर्च करने के एक साल की अवधि के अन्दर किसी भी एक दिन लिए गए ऋण की पूरी राशि को जमा करवाना अनिवार्य है ताकि साल में एक बार ऋण की मात्रा शून्य हो जाए।

**अपील**

8 स्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही

एक साल तक ऋण वापस जमा न करवाने पर भरना पड़ेगा 12 प्रतिशत सालाना ब्याज-उपायुक्त ने बताया कि यदि किसी पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक द्वारा लिया गया ऋण एक साल की समय अवधि के दौरान वापिस जमा नहीं करवाया जाता है, तो उसे 12 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से ऋण का भुगतान करना होगा। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को बाजार में प्रचलित अन्य किसी भी साधारण क्रेडिट, डेबिट कार्ड की भांति किसी भी एटीएम मशीन से राशि निकलवाने या बाजार से खरीददारी करने हेतु प्रमाणित लिमिट अनुसार प्रयोग कर सकता है। पशुओं की भिन्न-भिन्न श्रेणियों और वित्तीय पैमाने की अवधि के अनुसार ही पशुपालक को पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण दिया जाएगा। इच्छुक पशुपालक अपने नजदीकी राजकीय पशु चिकित्सालय या बैंक में जाकर पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के लिए पशुपालक को अपने सभी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पशु का बीमा, पशु का हेल्थ सर्टिफिकेट आदि आवेदन पत्र सहित बैंक में जमा करवाना होगा।

# मेयर ने चल रहे सड़क निर्माण के कार्य का किया औचक निरीक्षण

**सोनीपत :** मेयर निखिल मदान मंगलवार सुबह राठधना रोड़ पहुंचें, जहां उन्होंने मौके पर चल रहे सड़क निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा पिछले एक माह से शहर के आई टी आई चौक से लेकर बंदेपुर के सरकारी स्कूल तक लगभग 950 मीटर लंबे रास्ते का निर्माण कार्य आर एम सी (सीमेंटेड कंकरीट) से किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा सड़क के एक हिस्से का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। मौके पर पहुंचे मेयर निखिल मदान ने बताया कि राठधना रोड पर लगभग 36 फुट चौड़ी सड़क को डिवाइडर के साथ आर एम सी (सीमेंटेड कंक्रीट ) से




बनाया जा रहा है। सड़क बनने के बाद दोनों तरफ के बचे हुए कच्चे रास्ते को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जायेगा। इसके साथ सड़क के बीच में आ रहे बिजली के खंभों को डिवाइडर पर लगाया गया है। सड़क पर दोनों तरफ से गुजर रही पेयजल आपूर्ति और सीवरेज की लाइन वाले क्षेत्र पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगायी जाएँगी ताकि भविष्य में मरम्मत के कार्य को आसानी से किया जा सके। सड़क पर बीच में 2.5 अढ़ाई फुट चौड़ा डिवाइडर बनाया जायेगा। जिसके दोनों तरफ 5.5 मीटर ( 18 फिट ) चौड़ी आर एम सी की सड़क बनाई जाएगी।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम के अधीन आने वाली सभी सड़कों का निर्माण करवा दिया गया है। मेयर निखिल मदान ने मौके पर सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को सड़क निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूरी गुणवत्ता से करने के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, कनिष्ठ अभियंता रामकरण हुड्डा, प्रीक्षित कुमार, अनिल कुमार, रामकुमार, गोपाल, जय सिंह, कुलदीप वत्स ,विजय वर्मा,राजू,अंकुश, शुभम, कार्तिक,संदीप सहित अन्य लोग एवम स्थानीय दुकानदार मौजूद रहे।

# इग्नू का उद्देश्य कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देना: निदेशक डॉ. धर्म पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ० धर्म पाल ने बताया की ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) भारत ही नहीं अपितु विश्व का सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात विश्वविद्यालय है। इग्नू में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सेशन के लिए और दूसरा जुलाई सेशन के लिए जनवरी सेशन की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है।

निदेशक ने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है द्व इग्नू



रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते कॉलेज में ऐडमिशन नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसनी इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। जॉब करने वाले कैंडिडेट भी आसनी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए इग्नू में अपार संभावनाएं उपलब्ध है, ऐसे विद्यार्थी इग्नू से बैचलर ऑफ आर्ट्स(बीएजी), बैचलर ऑफकॉमर्स(बीकॉम), बैचलर ऑफ कॉमर्स इन एकाउंटेंसी एंड फाइनेंस(बीकॉमए एंड एफ), बैचलर ऑफ साइंस(बीएससी), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन(बीसीए), बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस(बीलिस), बैचलर ऑफ आर्ट्स इन टूरिज्म स्टडीज(बीटीएस) और बैचलर ऑफ सोशल वर्क(बीएसडब्लू) कर सकते है।

# योग को अपने दिनचर्या में शामिल करेंगे तो रहेंगे निरोग : शमशेर

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने साधकों को योग का अभ्यास करवाया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

शमशेर सिंह नैन ने कहा कि प्राचीन काल से योग का विशेष महत्व रहा है। पशु-पक्षी में अपने योग क्रियाओं से स्वस्थ्य रहते हैं। उमा नरूला ने कहा कि हम सभी को स्वस्थ्य तन और मन के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। लक्ष्मी ने कहा कि योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। नियमित योग और अभ्यास से पुरानी से पुरानी जटिल बीमारियों से छुटकारा पाया



जा सकता है। स्वस्थ शरीर के लिए हम सबको प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना चाहिए।

नैन ने कहा कि योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को सुबह सूर्य उदय होने के पहले या शाम को सूर्यास्त होने के बाद समय निकाल कर योग करना चाहिए।

योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग कि स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर राम लाल गोयल,, जितेन्द्र गुप्ता, नरेश निझावन, योग शिक्षिका लक्ष्मी चोपड़ा, रेनू गोयल, रिम्पी खरबंदा, उमा नरूला, पुनम निझावन, सोनिया भाटिया, दविन्द्र चौधरी, सीता मनोचा, वंशिका भारती ललिता, अशोक नारंग, गुरविन्द्र सिंह, सविता नारंग, पुष्पा सरदाना, रजनी अरोड़ा, पूर्ण चन्द पांथरी, संतोष कथूरिया आदि मौजूद रहे।

**योगाभ्यास**

8 शिक्षक नैन ने साधकों को योग का अभ्यास करवाया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया

# सांसद ने न्यू अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन का किया उद्घाटन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेल विस्तार में निरंतरता में कार्य करते हुए आमजन को इसका लाभ दिलवाने का काम कर रहे

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: राज्यसभा** सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि रेलवे देश की लाईफलाईन होती हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेल विस्तारण में निरंतरता में कार्य करते हुए आमजन को इसका लाभ दिलवाने का काम कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है, उस संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। इसी कड़ी में आज देश में 85 हजार करोड़ रुपए की लागत से रेल परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया जाना शामिल है। यहां पहुंचने पर डीएफसीसीआईएल अम्बाला के अधिकारियों ने मुख्य अतिथि कार्तिकेय शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शक्ति रानी शर्मा को पुष्प गुच्छ व



शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद, गुजरात से वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से इन विकास कार्यों की सौगात देते हुए अपना शुभ संदेश भी दिया।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देश के साथ-साथ अम्बाला के लिए भी एतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं का उदघाटन, शिलान्यास राष्ट्र को समर्पित किया गया है। अम्बाला के लिए भी नींव का पत्थर होगा, यहां पर भी डीएफसीसीआईएल द्वारा न्यू अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन का शुभारम्भ किया जाना शामिल है। पूरे देश व प्रदेश में जहां पर विकास

**संकल्प**

**8 वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया**

कार्यों से सम्बन्धित सबको अपना हक मिल रहा है, वहीं अम्बाला को भी अपना हक मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को एक अलग पटल पर ले जाने का काम कर रहे हैं। देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर है। कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर यह भी कहा कि रेल चलती रहे, देश को आगे ले जाती रहे, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृढ़ संकल्प है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की श्रृखंला में आज रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास इसका उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा हर रोज देश को नई सौगाते देने का काम किया जा रहा है। बीते कल गुरूग्राम में द्वारका एक्सप्रेस की सौगात मिली है। इस सौगात से दिल्ली के साथ-साथ गुरूग्राम, हरियाणा व आस पास के क्षेत्रों के साथ-साथ पर्यटन को इसका फायदा मिलेगा।

जिस सोच के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आगे ले जाने का काम रहे हैं, उसका मैं समर्थक एवं प्रशंसक हुं। डीएफसीसीआईएल द्वारा नवनिर्मित फ्रेट कॉरिडोर की सौगात से अम्बाला को लाभ होगा। अम्बाला कैंट की तर्ज पर अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन का भी नवीनीकरण एवं सौन्दर्यकरण किया जा रहा है।

# विदेशी श्रद्धालुओं ने की महाआरती

## ब्रहमसरोवर पर विदेशी श्रद्धालुओं ने की महाआरती

**संस्कृति**

**8 उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि ब्रहमसरोवर की महाआरती विश्व के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि ब्रहमसरोवर की महाआरती विश्व के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है। इस महाआरती के दर्शन करने और भाग लेने के लिए विदेशों से भी पर्यटक ब्रहमसरोवर पर पहुंचने लगे है। इससे कुरुक्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच गत्त देर सायं ब्रहमसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में



विदेशी श्रद्धालुओं के साथ महाआरती करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, लंदन से आए चंद्रकांत, किरणव्रत नाजी महारथी ने मंत्रौच्चारण के बीच महाआरती की और ब्रहमसरोवर का अवलोकन किया। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से कुरुक्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इस पर्यटन स्थल को देखने के लिए दूर-दराज से लोग पहुंच रहे। इस मौके पर पंडित बलराम गौतम और उनके शिष्यों ने परंपरा अनुसार महाआरती की रस्म को अदा करवाया। इस मौके पर सोमनाथ गौतम भी उपस्थित थे।

**न्यूज फ्लैश**

### पिरोजशा गोदरेज फाउंडेशन ने लॉन्च किया वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी कॉन्टेस्ट

**नोएडा।** पिरोजशा गोदरेज फाउंडेशन ने एक वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी चैलेंज लॉन्च किया है। पिरोजशा गोदरेज फाउंडेशन एक परोपकारी संगठन जो शिक्षा, क्लाइमेट एक्शन, बायोडायवर्सिटी कंजरवेशन और हेल्थ केयर पर काम करने वाली नॉन-प्रॉफिट संस्थाओं का समर्थन करता है। प्रतियोगिता में आई प्रविष्टियों का मूल्यांकन प्रसिद्ध एन्वायरमेंट एक्टिविस्ट और सैंचुरी नेचर फाउंडेशन के संस्थापक बिट्टू सहगल द्वारा किया जाएगा। पिरोजशा गोदरेज फाउंडेशन भारत में स्थिरता और पर्यावरण के सरंक्षण में मददगार रहा है। फाउंडेशन ने देश भर में गैर-लाभकारी संस्थाओं और थिंक टैंकों के साथ साझेदारी के माध्यम से जैव बायाडायवर्सिटी के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और रिन्युएबल एनर्जी जैसे मुद्दों को संबोधित किया है। फाउंडेशन विक्रोली मैंग्रोव की जैव विविधता को संरक्षित करने में भी सहायता करता है और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नेचर सैंचुरी फाउंडेशन और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ फॉर नेचर - इंडिया जैसे संगठनों के साथ मिलकर काम करता है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी कॉन्टेस्ट देश की जैव विविधता के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाने और अपनी वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं को लेकर लोगों के बीच रुचि जगाने के लिए राह तैयार करेगा। प्रतियोगिता के बारे में बात करते हुए, बिट्टू सहगल ने कहा, फोटोग्राफी लोगों को ठहरने और अपने आस-पास की चीजों का अनुभव लेने की सुविधा प्रदान करती है। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी एक पर्यावरण के संरक्षण का शक्तिशाली माध्यम है। यह लोगों को प्रकृति की सराहना करने और उसके साथ संवाद करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उम्मीद है कि इन बेशकीमती चीजों की रक्षा करने में अपना योगदान देने के लिए वे प्रेरित महसूस करेंगे। नेचर सैंचुरी फाउंडेशन विज्ञान-आधारित संचार तैयार करने और वन्यजीव, मानव और जलवायु संबंधित समस्याओं के लिए होलिस्टिक कंजर्वेशन प्रोजेक्ट शुरू करने पर ध्यान देता है। नेचर फेस्टिवल, क्लाइमेट वर्कशॉप और इस दिशा में अपना पक्ष रखने जैसे प्रयासों के माध्यम से, यह फाउंडेशन बायोडायवर्सिटी, अर्थशास्त्र और जलवायु परिवर्तन की दिशा में काम करता है। फाउंडेशन का लक्ष्य भारत में पर्यावरण की सुरक्षा और एडवोकेसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ एक टिकाऊ, जैव विविधतापूर्ण भविष्य का निर्माण करना है। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े सहयोगी प्रयासों को बढ़ावा देना है। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी कॉन्टेस्ट 17 मार्च 2024 को खत्म होगा।

### इंडिया इंटरनेशनल ईवी एक्सपो में 5,000 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकियों और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा

**नई दिल्ली**- इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो का चौथा संस्करण 15 से 17 मार्च, 2024 तक नई दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में किया जायेगा।



इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो नवाचार और उद्योग कौशल के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करता है। 150 से अधिक प्रदर्शकों द्वारा उत्पादों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत करने के साथ, आगंतुक इलेक्ट्रिक वाहनों, घटकों, चार्जिंग बुनियादी ढांचे और स्मार्ट गतिशीलता समाधानों तक फैली 5,000 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों का पता लगा सकते हैं। यह आयोजन 50,000 से अधिक उद्योग पेशेवरों, उत्साही लोगों और हितधारकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जो व्यवसायों के लिए अद्वितीय नेटवर्किंग अवसर प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, 30 से अधिक नए उत्पादों का लॉन्च भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आगे बढ़ाने और उद्योग के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित प्रतिष्ठित वक्ताओं में फ्युचरेक्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक स्वामी प्रेम अन्वेषी जी, फ्युचरेक्स ग्रुप के निदेशक श्री नमित गुप्ता, फ्युचरेक्स ग्रुप के प्रोजेक्ट हेड श्री मुकेश यादव शामिल थे।

# ट्रक चालक व क्लीनर पर हमला कर मोबाइल व 35 सौ रुपये लूटे, चालक को फ्लाईओवर से 10 फीट नीचे फेंका

## तडके तीन बजे राठधना फ्लाईओवर से होकर राजस्थान जा रहे थे ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र राठधाना फ्लाई ओवर के पास ट्रक चालक व क्लीनर से मारपीट करने व हजारों रुपये की नकदी लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। पुलिस ने इस संबंध में पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

**वारदात**

**8 तीनों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में मोबाइल फोन छीन लिया। जिसके कवर में दो हजार रुपये थे**

सुरजगढ झुनझुनु राजस्थान निवासी संजय ने बताया कि वह मुकेश निवासी बामनवास के ट्रक पर कडेंटर के तौर पर कार्यरत है। इस गाड़ी पर धमेंद्र निवासी बामणवास चालक के तौर पर कार्यरत है। गत 10 मार्च को रात करीब 10 बजे हम दोनों अपनी गाड़ी में गुड़ भरकर मुजफरनगर से जौधपुर के लिए चले थे। सुबह करीब 3 बजे सड़क मार्ग 334 बी सांपला मेरठ रोड पर राठधाना फ्लाईओवर पर पहुंचे। गाड़ी को पुल पर चढ़ा रहे थे। उसी समय एक बाइक सवार पर तीन लड़कों ने गाड़ी के सामने बाइक अड़ा दी। गाड़ी को साइड में करवाने के लिए गाड़ी के शीशे पर डंडे से हमला कर दिया। जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया। जब दोनों नीचे उतरकर आए उनसे पूछा कि तुम्हारी मोटरसाइकिल में क्या नुकसान हुआ है। तीनों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में मोबाइल फोन छीन लिया। जिसके कवर में दो हजार रुपये थे। वहीं धर्मेंद्र से 1500 रुपये छीन लिए। उसके बाद धर्मेंद्र को फ्लाई ओवर से धक्का मारकर गिरा दिया। उसके बाद धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल धर्मेंद्र को अस्पताल में भिजवाया।

# अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27 पुलिस** ने अवैध शराब सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश निवासी गढ़ी हकीकत व आशीष निवासी गुहणा का है। जांच अधिकारी विक्रम ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मेरठ-झज्जर हाइवे पुल के नीचे राठधाना सड़क मार्ग पर मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि राठधाना रोड पर स्थित विवि के पास बने कैफे के पीछे आरोपित शराब बेच रहा है। टीम ने मौके पर पर पहुंचकर जांच की। जिसमें दो शख्स बैठे दिखाई दिए। टीम को

**काबू**

**8 उनकी टीम गश्त के दौरान मेरठ-झज्जर हाइवे पुल के नीचे राठधाना सड़क मार्ग पर मौजूद थी**

देखते हुए भागने लगे। टीम ने आरोपितों को काबू कर लिया। उनके पास से अलग-अलग मार्का की शराब की बोतलें बरामद हुई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया।

# संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के माडल टाउन में संदिग्ध हालत में महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस व एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर आरोपित पति सहित ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोहाना निवासी जयपाल ने बताया कि उसकी बेटी स्वाती (31) की शादी वर्ष 2015 में बड़वासनी हाल में मॉडल टाउन निवासी विकास के साथ की थी। शादी के बाद बेटी को ससुराल पक्ष परेशान करने लगे। उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़नाएं दी जाने लगा। ससुराल पक्ष के सदस्यों की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी बेटी ने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

# घर से सोने के जेवरात व रुपये चोरी करने के आरोपितों से सोने व रुपये बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने घर से सोने के आभूषण व नकद रुपये चोरी करने की वारदात में शमिल आरोपित आरोपित देवांश निवासी पतला से चोरी की नकदी वे आभूषण बरामद कर लिए है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव पतला निवासी किरण पाल ने बताया कि उसके घर में दिवांश नाम के युवक का आना-जाना है। उसे परिवार व घर के पूरे सामान का भेद है। गत 29 जनवरी को परिवार के सदस्यों को दिवांश की हरकतों पर शक हुआ। उसके बाद घर के अंदर रखे सामान की जांच की तो घर से एक सोने की चेन, दो जोड़ी कान के टोपस, एक जोड़ी कानों के सुई धागे, चार अंगूठी लेडिज, एक पेंडल टीकड़ा, तीन जोड़ी कान के कुंडल, एक जोड़ी झुमकी, दो कड़े, दो गिन्नी, एक कंठी पांच पीस, तीन अंगूठी जैंटस सहित एक जोड़ी चांदी के सैंम्पिल व 38 हजार रुपये की राशि गायब मिली। पूछताछ में दीवांश ने सामान देने की हामी भर ली, लेकिन वह घर से भाग गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक कृष्ण की टीम ने आरोपितों की तलाश करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत ने रिमांड पर भेजा था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से चोरी की राशि व सोने के जेवरात बरामद कर लिए है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# कार की टक्कर से टेंपू चालक की मौत

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी के पास पानीपत-दिल्ली सड़क मार्ग को पार करते समय टैंपू चालक तेज रफ्तार वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में अस्पताल में लाया गया।

जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# चीनी मिल मामला- दिन भर में गन्नौर एसडीएम ने 15 कर्मचारियों के बयान किए दर्ज

## जांच के दौरान कई कर्मचारियों की भूमिका मिली संदिग्ध, लेखा शाखा से एसडीएम ने मांगा रिकार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** के चीनी मिल परिसर में बने गोदाम में बिना रिकार्ड के लाखों रुपये कीमत चीनी के भंडारण के गड़बड़ झाले का खुलासा हुए काफी दिन हो चुके है। मिल प्रबंधन की तरफ से मामले में कागजी कार्यवाही के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। सोमवार को मामले की जांच के लिए गन्नौर एसडीएम ने मिल में तैनात 15 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए है। दिन भर चली जांच के दौरान चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों में अलग-अलग चर्चाएं होती रही। जांच अधिकारी गन्नौर एसडीएम ने लेखा शाखा से रिकार्ड मांगा है। जिसको लेकर एक सप्ताह का समय दिया गया है। जांच में कई कर्मचारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। ऐसे में जांच पूरी होने के बाद मिल प्रबंधन इस संबंध में क्या रूख अपनाता है,यह सब जांच पूरी होने के बाद ही खुलासा हो पायेगा।

यह था मामला-

शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में गड़बड़ी का मामला नया नहीं है। पहले भी गोदाम में चीनी के अतिरिक्त बैग मिलने का मामला सामने आ चुका है। हालांकि इतने बड़े स्तर पर लाखों रुपये कीमत की चीनी का गोदाम में बिना रिकार्ड के मिलने का मामला पहली बार सामने आया है। मिल में आपसी विवाद और

**जांच जारी**

**8 मिल प्रबंधन की तरफ से मामले में कागजी कार्यवाही के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था**

मिल के पेराई सत्र को चलाने को लेकर अधिकारियों में तालमेल की कमी देखने को मिलती थी। गत पेराई सत्र व मौजूदा पेराई सत्र के दौरान कारखाने को चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। जिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामलों को किसी न किसी तरह से निपटा दिया गया था। हाल में चीनी मिल फिर से सुर्खियों में आ गया है। चीनी मिल परिसर के अंदर बने गोदाम में लाखों रुपये कीमत की चीनी का कोई वारिस रिकार्ड में नहीं होना बताया जा रहा है। उक्त चीनी को कारखाने में तैयार करके गोदाम तक जरूर पहुंचा दिया गया, लेकिन रिकार्ड में उक्त चीनी के 972 बैग नहीं मिले थे। जिसके बाद से चीनी मिल के अधिकारियों में खलबली मच गई थी। एमडी ने अपने स्तर पर टीम का गठन कर जांच करवाई तो मामले का खुलासा हुआ कि चीनी के 972 बैग तैयार करके गोदाम में किसके आदेश से बिना रिकार्ड के रखे गए है। ऐसे में मामले को लेकर अब तक कागजी कार्यवाही के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लेकिन सोमवार को गन्नौर एसडीएम ने प्रबंधन कार्यालय में पहुंचकर मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए मामले में नोटिस जारी होने वाले 15 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए है।

**चीनी घोटाले में सालों बाद हुआ था मुकदमा दर्ज**-चीनी मिल में टेंडर, सामान खरीद सहित चीनी को लेकर मामले सामने आते रहते है। मौजूदा समय में 972 चीनी के बैग मिलने का खुलासा नया नहीं है। वर्ष 2013-14 के पेराई सत्र के दौरान गोदाम में 478 चीनी के बैग मिले है। इस घोटाले को विजिलेंस जांच के बाद करीब 13 आरोपितों के खिलाफ वर्ष 2020 में जाकर मामला दर्ज हुआ था। जानकारी मिली है कि उस दौरान भी जिला प्रशासनिक अधिकारियों व चीनी मिल के अधिकारियों ने मामले को दबाने की कोशिश की, लेकिन विजिलेंस जांच के बाद घोटाले का खुलासा हो पाया था। सालों तक चली जांच के बाद पुलिस मामला दर्ज कर पाई थी। चीनी के बैगों को वर्ष-2022-23 पेराई सत्र के दौरान कारखाने में तैयार किया गया है। यानी कि यह पिछले साल से छुपाकर मिल के हिस्से में रखी गई है। जिसे ठिकाने लगाने की कोशिश जरूर की गई होगी, लेकिन शायद इसमें सफलता नहीं मिली।

# 'बीजेपी में रहकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** लाडवा अनाजमंडी धर्मशाला में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की लाडवा इकाई द्वारा भाजपा नेता संदीप गर्ग के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता संदीप गर्ग का ईकाई के सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। लाडवा ईकाई के चेयरमैन अश्वनी जैन ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग जैसा व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुआ है, इससे बड़ी व अच्छी बात कोई नहीं हो सकती। क्योंकि संदीप गर्ग अपने दम पर पिछले कई वर्षो से



समाजसेवा के कार्य कर रहे हैं और उन्होंने समाजसेवा करके अपनी एक अलग पहचान भी बनाई है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पूरी लाडवा इकाई भाजपा नेता संदीप गर्ग के साथ है और आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में उनका साथ देने का काम करेंगे और उनको विजयी बनाने का भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के लिए भी यह गर्व की बात है कि एक नेक दिल का इंसान सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में आकर अब जनता की सेवा करने का काम करेगा। संदीप गर्ग ने लाडवा इकाई का आभार व्यक्त किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी में वह जनता की सेवा करने के लिए ही शामिल हुए है और एक कार्यकर्ता के रूप में जनता की सेवा करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेवारी देगी वह उसे बाखूबी निभाने का काम करेंगे और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान लाडवा इकाई द्वारा भाजपा नेता संदीप गर्ग को फूल गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर युवा प्रधान अंकित मंगला, महिला प्रधान उर्मिल अग्रवाल, मंडी प्रधान बिमलेश गर्ग, पार्षद अमित खुराना, अभिनव जिंदल, केशव मित्तल, साहिल मित्तल, शिव गुप्ता, महेश गुप्ता, हरीश सिंगला, डॉ पुरशोतम गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, सतपाल गोयल, राहुल, यश, मोहित, अंकुर , शिवम, अजय, वेदप्रकाश, सीमा गोयल आदि मौजूद थे।

# अम्बाला की राधिका चावला को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला** शहर के पी के आर की 11वीं कक्षा की छात्रा राधिका चावला को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला में सम्मानित किया गया। राधिका को यह पुरस्कार हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचकूला में आयोजित एक भव्य समारोह में दिया। इस अवसर पर हरियाणा की महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्री कमलेश ढांडा सहित अनेक गणमण्य लोग मौजूद थे। राधिका को सरकार की और से एक प्रशस्ती पत्र, ग्यारह हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया और साथ ही यह



भी कहा गया कि हरियाणा को अपनी इस प्रतिभाशाली इस बेटी पर गर्व है राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करने पर उसे यह पुरस्कार मिला है। राधिका चावला के स्कूल में खुशी की लहर है वह इससे पहले भी जिला स्तर सहित विभिन्न प्रतियोगितओं में अव्वल रह चुकी है । राधिका ने बताया कि वह अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने अध्यापकों को देती है जिनकी इस प्रेरणा से वह इस मुकाम पर पहुंची है।

राधिका चावला के पिता सुरेन्द्र चावला ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है व इस उपलब्धि से हमारर मां बढ़ाया है। इस से पहले भी कई प्रियोगिताओं में वह अपना परचम लहरा चुकी है।

# फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रमुख सामाजिक संस्था फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं, युवाओं, विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। देर शाम तक चले रक्तदान शिविर में 232 लोगों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में बहुमूल्य योगदान दिया। बाहरी दिल्ली की प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा पीतमपुरा ब्लड बैंक के सहयोग से नरेला के सफियाबाद रोड़ स्थित अपने कार्यालय में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशीष दहिया ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट








अतिथियों का फेडरेशन पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। सुबह 9 बजे से शुरू हुए रक्तदान शिविर में महिलाओं, युवाओं ने अपनी अहम भागीदारी देकर इसे सफल बनाया। रक्तदान शिविर में 232 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। सुबह 9 बजे से ही पीतमपुरा ब्लड बैंक के डॉक्टरों की देखरेख में रक्तदान का कार्य शुरू किया गया। सभी रक्तवीर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में सभी के लिए जूस और अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि आशीष दहिया ने कहा कि शिविर में रक्तदाताओं की उत्साहित भागीदारी रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान शिविर में 109वीं बार रक्तदान कर रहे रक्तदाता व फेडरेशन ऑफ नरेला सब्सिडी के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने कहा कि संस्था हमेशा जनहित के कार्य करती है।

रक्तदान शिविर में इस बार रिकॉर्ड 332 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ है। इसके लिए सभी रक्तदाताओं, संस्था सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदाता होना गर्व की बात है। रक्तदान एक इंसान का दूसरे इंसान के प्रति समर्पण को भी दशार्ता है। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि लोगों को भ्रम है कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आती है। आज मैंने 109वीं बार रक्तदान किया है और मैं बिल्कुल स्वस्थ हूं। रक्तदान महादान है। इसलिए इस समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुमन देवी ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। इससे ज्यादा पुण्य का कार्य कोई नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खास तौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती हैं, जिनके अंदर रक्त की कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है।

इस रक्तदान शिविर में फेडरेशन उपाध्यक्ष धीरज खत्री, कोषाध्यक्ष धनंजय सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुमन देवी, रणबीर खापरा, नरेश सैनी विवेक अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक यमुना विहार जिला कार्यालय पर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक यमुना विहार जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी और सांसद मनोज तिवारी स्वयं मौजूद रहे।



इस मौके पर प्रभारी गजेंद्र यादव, राज कुमार भाटिया साथ में दोनों जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, मनोज त्यागी व विधायक अजय महावर, मोहन सिंह बिष्ट, जितेन्द्र महाजन, फतेह सिंह, योगेंदर चंदौलिया के साथ लोकसभा अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। मनोज तिवारी ने कहा इस बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल कर भाजपा इतिहास रचने जा रही है। पूनम चौहान ने मंच का संचालन करते हुए सभी चुनाव प्रबंधन समिति उपस्थिति दर्ज करी। मनोज त्यागी ने सभी का धन्यवाद किया और आभार व्यक्त किया। इस चुनाव प्रबंधन समिति में लोकसभा संयोजक राजा इकबाल, मोहन गोयल, डॉ. यू के चौधरी, नीरज तिवारी, पुनीत शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, राज कुमार, मिनाक्षी शिवम सुशील चौधरी, दीपक चौहान, दुष्यंत मौजूद रहे।

## जहांगीरपुरी में कथा से पहले निकाली गई विशाल कलश यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के जहांगीरपुरी इलाके में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर राजेन्द्र नगर विधानसभा प्रभारी व सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब के अलावा कथा व्यास प्रमोद कृष्ण शास्त्री महाराज, पूर्व मंडल अध्यक्ष टीटू राम, राजपाल सिंह, सुनील कुमार, अवधेश कुमार, बलविंदर, रविन्द्र गुप्ता, मुकेश साहु, अनिल मिश्रा, शिवम साहु, बनीता, गुलशन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने बताया कि सभी को कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# सीएए लागू, अब भारत की फिज़ा में सुकून की सांस लेंगे शरणार्थी: प्रेम शर्मा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पिछले कई दशकों से देश की राजनीतिक मैनीफेस्टों में सीएए अन्य मुद्दों में से एक मुद्दा तो जरूर रहा, लेकिन राजनीति अटकलों के चलते पास नहीं हो पाया, तों वहीं सीएए का आधा अधूरा मतलब समझाकर गुमराह किया गया। लेकिन आज नागरिकता बिल संसद में पास होनें के बाद शरणार्थी भारत की फिज़ा में सुकून की सांस लेंगे।

**शरणार्थियों ने मोदी का किया आभार व्यक्त:** नागरिकता कानून पास होनें के बाद आज का दिन जहां एक ओर शरणार्थीयों के लिए किसी दिवाली से कम नहीं है, वहीं दूसरी ओर शरणार्थीयों ने मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया हैं।

इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित मजलिस में रिफ्यूजी कैंप द्वारा विश्व हिंदू परिषद का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**विश्व हिंदू परिषद द्वारा 12 साल से कैंप में हो रही है सेवा:** विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री प्रेम शर्मा ने बताया कि यह कानून अफगानिस्तान पाकिस्तान व बांग्लादेश के हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी, ईसाई आदि धार्मिक उत्पीड़न के शिकार भाई-बहनों को हमारे देश में नागरिकता प्रदान होगी, अब शरणार्थी पूर्ण रूप से भारत के निवासी का दर्जा मिल गया है, जिसके बाद अब यह शरणार्थी अपना खुद का व्यवसाय व मकान खरीद पाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष इन लोगों को लोंग टर्म वीजा एक्टेंशन के लिए मोटी रकम खर्च करना पड़ता था, लेकिन अब इस कानून के आने से समस्या खत्म हो गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सीएए नागरिकता देने वाला कानून है, इस कानून के माध्यम से दशकों से पीड़ित शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन मिलेगा और नागरिकता अधिकार से उनके सांस्कृतिक, भाषिक, सामाजिक पहचान की रक्षा होगी। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद से विभाग मंत्री राजीव, सह जिला मंत्री प्रेम शर्मा, भगीनी निवेदिता सेवा न्यास के महामंत्री बलबीर, सुरेन्द्र बुद्धिराजा, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, दिनेश गुप्ता, देवेंद्र सहित परिषद और संघ के अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

## स्वतंत्र नगर: राम नहीं रोजगार चाहिए, किसान-मजदूर को स्वराज चाहिए: नरेश गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्वतंत्र नगर नरेला में भारत की पहली महिला शिक्षिका तथा समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि पर वामपंथी संगठनों के तत्वावधान में दलित, कमजोर, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं महिलाओं को कंप्यूटर ट्रेनिंग एवं सिलाई का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से "रियल कोचिंग सेंटर का" उद्घाटन करते हुए नरेला क्षेत्र के गणमान्य नागरिक कामरेड नरेश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि आज सभी को "राम नहीं रोटी की आवश्यकता है"। इसकी व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि दूर-दराज के इलाकों से राजधानी में आए लाखों लोगों का मकसद रोटी है, यानि रोटी








पाने के लिए रोजगार होना जरूरी है ना की राम। इस दिशा में वास्तव में यह सेंटर रोजगार दिलाने में महत्त्वपूर्ण रोल अदा करेगा। आज देश में तीन चीज पैदा हो रही है पुजारी, भिखारी और अधिकारी। इस केंद्र का मूल उद्देश्य अधिकारी पैदा करना है। इस समारोह का कुशल संचालन सीपीएम नरेला शाखा के प्रभारी कामरेड डी एन सिंह ने किया और अध्यक्षता एडवोकेट धर्मपाल सिंह ने करते हुए व्यवहारिक शिक्षा पर जोर देते हुए बताया कि देश की प्रथम महान महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले ने तत्कालीन पुरुष प्रधान से टकराव मोल लेते हुए महिलाओ को शिक्षा का अधिकार दिलाया। अन्य वक्ताओं में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सिद्धेश्वर शुक्ला ने इस केंद्र की सफलता के लिए अपनी क्रांतिकारी शुभकामना देते हुए कहा कि आज महिलाओ के प्रति दकियानूसी समाज की आम धारणा यह है कि इसकी शादी कर दो अगले घर जाकर झाड़ू, चौका और बर्तन ही तो धोने है क्या करेगी ज्यादा पढ़कर। हमे इस कुंठित सोच को बदलना है। उम्मीद है कि यह रियल कोचिंग सेंटर अच्छा काम करेगा। कलमकार राजव्रत ने कहा कि इस समाज से जुड़े वंचित वर्ग को वैज्ञानिक एवं तर्क पर आधारित शिक्षा की बेहद जरूरत है। द्रोणाचार्य की भेदभाव पर आधारित शिक्षा पर कटाक्ष करते हुए जोरदार कविता पढ़ी जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया ।

कामरेड अनिल कुमार सिंह, बच्चन सिंह , निरंजन, इंदू आदि प्रमुख थी। भडोला, आदर्श नगर के प्रशिक्षण केंद्र से पधारे युवाओं की टीम जिसमें हासिब, सुशांत, रश्मि किरण, गौरव और शत्रुघ्न आदि ने बेहद सुंदर गीतों की प्रस्तुति कर समारोह को जीवंत बना दिया।

अंत में कामरेड डी एन सिंह ने इस केंद्र के मूल उद्देश्य को सफलता हेतु योगदान की अपील कर सभी का धन्यवाद दिया।

## सभी को गरीब व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए: एचसी यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाजसेवी एचसी यादव ने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना एक पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए।

## उद्घाटन के बाद भी अभी तक स्टेशन का नाम दर्शाता बोर्ड नहीं लगाया: सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित फुटओवर ब्रिज व शालीमार बाग की ओर से आने-जाने वाले प्रवेश मार्ग का उद्घाटन हुए लगभग 15 दिन हो चुके है, मगर अभी तक स्टेशन के नाम पर दर्शाता बोर्ड भी अभी तक नहीं लगाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जबकि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को 24 फरवरी को ही इस संबंध में अवगत करा दिया गया था। श्री शर्मा ने बताया कि दिल्ली मंडल के अधिकारियों सहित स्थानीय सांसद से अनुरोध है कि अविलम्ब ही स्टेशन के नाम का बोर्ड लगवाएं, जिस से रेलयात्रियों एवं स्थानीय निवासियों का फुट ओवर ब्रिज का लाभ मिल सके।



# मॉडल टाउन विधानसभा में आवारा पशुओं की समस्या से जूझ रहें है लोग





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के लोग बीते लंबे अर्सें से आवारा पशुओं से खासा परेशान है। आवारा पशुओं की चहलकदमी ने जहां एक ओर लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रखी हैं, वहीं दूसरी ओर यातायात में भी बाधा पैदा कर रहें, जिसके लिए निगम के अधिकारी कतई भी गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

मॉडल टाउन क्षेत्र स्थित कमला नगर, डेरावाल नगर, गुप्ता कॉलोनी, गुडमंडी, मॉडल टाउन पार्ट 2, ईश्वर कॉलोनी सहित पूरे क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से लोगों को रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है।

**राणा प्रताप बाग से कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जेके डाबर** ने बताया कि कमला नगर और राणा प्रताप बाग में तो आवारा पशुओं का इतना आतंक है कि लोगों का रास्ते से निकलना भी मुहाल कर रखा है, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आवारा पशुओं की समस्या के लिए न सिर्फ सरकार और प्रशासन जिम्मेदार है बल्कि पशु पालक भी उतना ही जिम्मेदार है जो अपने मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं।





**कांग्रेस नेता सुनील मनराल** ने कहा कि जहां एक ओर तो सरकार गोवंश की बात करती है और कहती है कि दिल्ली में तमाम गौशालाएं हैं जहां अन्य सुविधाएं भी है, अगर दिल्ली में तमाम गौशालाएं चलाई जा रही है तो फिर सड़को पर आवारा पशुओं का आतंक क्यों हैं।

# विश्व कल्याण सरोवर मुरथल में आओ दृढ़ता के व्रत से स्वयं का पोषण करें कार्यक्रम का आयोजन

**आयोजन**

**8 -मुरथल में आओ दृढ़ता के व्रत से स्वयं का पोषण करें" शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



विश्व कल्याण सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व ब्रह्म कुमारी बहने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए।

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

विश्व कल्याण सरोवर मुरथल में आओ दृढ़ता के व्रत से स्वयं का पोषण करें" शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु प्रेम के एक गीत से हुआ। मंच पर तिलक व पुष्प गुच्छ से अतिथियों का स्वागत हुआ। तदुपरांत ब्रह्मा कुमारी पूजा बहन ने महिलाओं की समाज में भागीदारी पर सुंदर प्रवचन दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कुछ भी चाहिए तो लोग देवीयों के पास जाते हैं। विद्या की देवी, धन की देवी, शक्ति के लिए दुर्गा और शुद्धता के लिए गंगा के पास जाते हैं। मुख्यअतिथि पहुंची पूर्व आईपीएस सुमन मंजरी ने कहा कि जब हमारा आत्म कल्याण होगा तब हम विश्व कल्याण कर सकेंगे। हमें अपने विकारों पर जीत पाने के लिए दृढ़ता के व्रत का पालन करना होगा। विशिष्ट अतिथि निपटम के निदेशक डॉक्टर हरिंदर सिंह ओबरॉय ने कहा कि यहाँ आकर मुझे एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। मैं धन्यवाद देता हूँ आयोजकों को जिन्होंने मुझे यहाँ आने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सेन्स और इनड्यूरेंस पावर सबसे अच्छी होती है। पूरा समाज एक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। हमारे अंदर से सहनशीलता का अभाव होता जा रहा है। समाज में अग्रेशन बढ़ता जा रहा है। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी चक्रधारी दीदी ने कहा कि हर जगह इत्र ही नहीं महका करते कहीं कहीं शख्सियतें भी महका करती हैं। जब मन शांत होता है तो हम बात को सही ढंग से सुनते हैं समझते हैं। हम बाबा के बच्चे शिवरात्रि को शिव जयन्ति के रुप से मनाते हैं। जब संसार का अधोपतन हो जाता है मनुष्यता का नाश हो जाता है समाज भ्रष्टतम स्थिति में पहुंच जाता है। ब्रह्मा कुमार सतीश भाई (प्रबंधक विश्व कल्याण सरोवर) ने आभार व्यक्त किया।

# 31 मार्च तक 100 फीसदी ब्याज पर छूट के साथ जमा करवा सकेंगे प्रोपर्टी टैक्स

**छूट**

**8 नगरपालिका के बकाया प्रोपर्टी टैक्स का एकमुश्त में भुगतान करने पर अब ब्याज पर 100 फीसदी छूट मिलेगी।**




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

नगरपालिका के बकाया प्रोपर्टी टैक्स का एकमुश्त में भुगतान करने पर अब ब्याज पर 100 फीसदी छूट मिलेगी। छूट के साथ प्रोपर्टी टैक्स 31 मार्च तक जमा कर सकेंगे। वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक के बकाया संपत्तिकर की मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट व पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट की गई है, यह छूट उन संपत्तिधारकों को मिलेगी जो पोर्टल पर अपनी संपत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करेंगे और वर्ष 2023-24 तक अपने कुल संपत्तिकर के बकाया का भुगतान करेंगे। जानकारी देते हुए नपा सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय ने छूट की अवधि बढ़ा दी है। अपनी संपत्ति का प्रमाणीकरण करने के लिए सबसे पहले बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्धति पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर या ई-मेल से लागइन करना होगा। लागइन के बाद संपत्तिधारक को अपने मोबाइल नंबर जुड़ी हुई संपत्ति दिखाई देगी या उन्हें पोर्टल पर प्रोपर्टी आईडी के माध्यम से अपनी संपत्ति खोजनी होगी। इसको खोलने पर सम्पत्ति का संपत्ति विवरण हां व नहीं का विकल्प तौर पर भरना होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह सरकार की इस योजना का लाभ उठा कर अपना बकाया प्रोपर्टी जमा करवाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### उदेशीपुर गांव के शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 23 मार्च को, विशाल भंडारे का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गांव उदेशीपुर में शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक शिव मंदिर समिति प्रधान भीम सिंह की अध्यक्षता में हुई । बैठक में सर्वसम्मति से 23 मार्च को गांव के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन करने का निर्णय लिया। समिति के प्रधान भीम सिंह ने बताया कि मंदिर में हर साल पुराण प्रतिष्ठा समारोह व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है, कार्यक्रम में आसपास के गांव के ग्रामीण भाग लेंगे । इस मौके पर मंदिर समिति के उप प्रधान सतबीर, कोषाध्यक्ष जितेंद्र, सदस्य समर, अनिल , कर्मवीर धर्मेंद्र , मन्नू , सतीश के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे ।

### पत्नी के साथ घूमने निकले युवक के गले से सोने की चैन झपटी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पत्नी के साथ घूमने निकले युवक के गले से झपटमार सोने की चेन झपटकार भाग गए। इस दौरान आधी चेन टूटकर उसके गले में ही अटक गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक सवार बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पुनित कोशिश ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ सोमवार देर शाम गली के बाहर सड़क पर घूम रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। उन्होंने सिर पर हेलमेट लगा रखा था। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही एक युवक ने उनके गले पर झपटा मारकर उनकी सोने की चेन खींच ली। इस दौरान चेन टूट गई और आधा हिस्सा लेकर झपटकर भाग गए। आधा हिस्सा गले में ही अटक गया। उन्होंने बाइक का नंबर देखने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के चलते नंबर नहीं देख सके। उन्होंने मामले से सेक्टर-27 थाना पुलिस को अवगत कराया। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शादी में गए परिवार के घर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित घर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

जीवन विहार मुरथल रोड निवासी सूरज ने बताया कि उसकी बड़ी बहन पूजा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहती है। उसकी बहन व जीजा परिवार सहित बिहार में शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गया था। किसी ने उसकी बहन के घर से सोने-चांदी के आभूषणों को अलमारी से चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस ने मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शोरूम से हजारों रुपये की राशि व लैपटॉप सहित सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव कुराड़ में स्थित कंपनी के शोरूम से हजारों रुपये की राशि, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। शोरूम संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर लड्डू बाटकर खुशी मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम परिषद पुनीत राय ने राय औद्योगिक क्षेत्र स्थित कार्यालय में नायब सिंह सैनिक को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर लड्डू बाटकर खुशी मनाई । निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रदेश के लोगों में खुशी की लहर है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों से प्रदेश का समान विकास हुआ है । नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह भाजपा की नीतियों पर चलते हुए प्रदेश का विकास करेंगे।

# श्री श्याम बाबा सेवा मंडल का 15 वां सामूहिक विवाहोत्सव सम्पन्न

**विवाहोत्सव**

**8 गरीब परिवार से संबंध रखने वाली 12 कन्याओं की शादी हिन्दू रिती रिवाज से कराई गई।**



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा कुलदीप सिंह )**

श्री श्याम बाबा सेवा मंडल के सौजन्य से मंगलवार को 15 वां सामूहिक विवाहोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें गरीब परिवार से संबंध रखने वाली 12 कन्याओं की शादी हिन्दू रिती रिवाज से कराई गई। इसके साथ ही सेवा मंडल का 20 वां फाल्गनोंत्सव भी सम्पन्न हुआ। मंगलवार को श्री श्याम बाबा सेवा मंडल द्वारा सामूहिक विवाह समारोह के लिए नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल के प्रांगण में भव्य पांडाल सजाया गया। इससे पहले बाकायदा गाजे बाजे के साथ बारात लेकर पहुंचे वर पक्ष का पांडाल में वधु पक्ष के साथ मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया। सभी बारातियों व वधू पक्ष के लिए सेवा मंडल द्वारा शानदार खान पान की व्यवस्था थी।

घूमती स्टेज पर वर वधू की जयमाला करवाई गई उसके बाद एक ही मंडप में फेरें हुए। विद्वान पंडितो के द्वारा शादी सम्पन्न कराई गई। इतना ही नहीं श्री श्याम बाबा सेवा मंडल के सौजन्य से नव विवाहित जोड़ों को अपनी गृहस्थी चलाने के लिए लाखों रुपए की कीमत का सामान भेंट स्वरूप दिया गया। सभी नव विवाहित वर वधू सामूहिक विवाह समारोह में आयोजकों के प्रबंध से बेहद खुश नजर आयें। श्याम बाबा सेवा मंडल के सामूहिक विवाह समारोह में जिन 12 लड़कियों की शादी कराई गई है उनमें ज्यादातर लड़कियां कांग्रेस नेत्री रंजीता कौशिक के सहयोग से पहुंची थी। एएनएम का कोर्स कर रही रोहतक की युवती की शादी भी इसी मंडप में हुई। उसने कहा कि पहले तो उसे डर लग रहा था लेकिन यहां आकर बेहद खुशी हुई। उसने बताया कि उसकी बुआ बांध गांव में रहती है उसने रंजीता कौशिक व सेवा मंडल का आभार व्यक्त किया है।

विवाह समारोह में बतौर मुख्यतिथि सांसद संजय भाटिया को बनाया गया था लेकिन भाटिया के चंडीगढ़ में व्यस्तता के चलते उनकी धर्मपत्नी अंजू भाटिया गरीब कन्याओं को आशीर्वाद देने पहुंची। अंजू भाटिया ने एक ही पांडाल में 12 गरीब लड़कियों की शादी करने के लिए श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो गरीब मां बाप अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पाते ऐसे गरीब परिवारों की मदद करना बेहद पुण्य का काम है। उन्होंने सांसद की तरफ से सेवा मंडल को यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर लड्डू बाटकर खुशी मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर गन्नौर विधान सभा के गाँव जाहरी व कुराड गांव मे ग्रामीणों के साथ खुशी मनाकर लड्डू बाटे । भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बहुत ही ईमानदार और पार्टी के प्रति समर्पित हैं । उन्होंने कहा कि वह पार्टी की नीतियों पर चलते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी नीतियों बनाकर कार्य करेंगे । नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रदेश के हर वर्ग में खुशी की लहर है । इस अवसर पर ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी , पूर्व सरपंच नरेश लाकडा, शंकर लाल सैनी , श्रवण प्रजापति , लक्ष्मण लाकडा , जयकिशन, रमेश कुमार , बिजेन्द सौदा, दलीप तूफान , शमशेर सिंह , रणबीर सिंह राजकुमार डा योगेश सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।



## दोस्त को स्कूटी देने गए युवक को पीटकर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

शहर थाना क्षेत्र में दोस्त को स्कूटी देने गए युवक को महंगा पड़ गया। स्कूटी में शराब की बोतल मिली तो युवक से मारपीट कर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जवाहर नगर निवासी मिथिल ने बताया कि आज देर शाम करीब 4.30 बजे उसके पास आदित्य का फोन आया। उसने कहा कि उसके घर से स्कूटी लेकर चुंगी पर आ जा। वह उसके घर से स्कूटी लेकर चुंगी पर चला गया।

# सीनियर स्टेट कबड्डी में प्रिन्स ने अपनी टीम के साथ खेलते हुए जीता कांस्य पदक



कबड्डी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने साथियों के साथ विजेता खिलाड़ी प्रिंस ।

**कबड्डी स्पर्धा**

**8 सीनियर स्टेट(दिल्ली) गेम्स के तहत कबड्डी स्पर्धा के मुकाबले फतहेपुर बेरी में स्थित स्कूल में संपन्न हुए।**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

सीएमआर कुश्ती अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस ने सीनियर स्टेट(दिल्ली) गेम्स की कबड्डी में अपनी टीम के साथ खेलते हुए कांस्य पदक जीता । कोच इंदर सिंह ने बताया कि कोटक विहार(नांगलोई) में रहने वाले प्रिन्स ने अपनी टीम के साथ मिलकर सीनियर स्टेट कबड्डी गेम्स में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपने ज़िले का नाम रोशन किया। सीनियर स्टेट(दिल्ली) गेम्स के तहत कबड्डी स्पर्धा के मुकाबले फतहेपुर बेरी में स्थित (एस.बी.वी) स्कूल में संपन्न हुए। अपनी टीम के साथ खेलते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया । कोच इंदर सिंह ने बताया कि विजेता खिलाड़ी प्रिंस इससे पहले भी विभिन्न खेलों में पदक जीत चुका है उनकी जीत पर उन्होंने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई

**खुशी**

**8 भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम परिषद पुनीत राय ने लड्डू बाटकर खुशी मनाई**



भाजपा जिला उपाध्यक्ष वह निगम पार्षद पुनीत राई लड्डू बाटकर खुशी मनाते हुए ।

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम परिषद पुनीत राय ने राय औद्योगिक क्षेत्र स्थित कार्यालय में नायब सिंह सैनिक को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर लड्डू बाटकर खुशी मनाई । निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रदेश के लोगों में खुशी की लहर है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों से प्रदेश का समान विकास हुआ है । नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह भाजपा की नीतियों पर चलते हुए प्रदेश का विकास करेंगे ।

# नायाब सिंह के मुख्यमंत्री बनने पर डा राजबीर के नेतृत्व में लड्डू बांट मनाया जश्न

**जश्न**

**8 लड्डू बांट कर जश्न मनाने के बाद डा राजबीर आर्य ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर शानदार काम किया है**



**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

हरियाणा विकास की दौड़ में बहुत आगे है अब मुख्य मंत्री के नाते नायाब सिंह विकास की रफ्तार को तेज करेंगे ये शब्द भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख ओ बी सी मोर्चा डा राजबीर आर्य ने सनौली रोड़ पर नायाब सिंह के मुख्य मंत्री बनने की खुशी में लड्डू बांट कर जश्न मनाने के बाद कहें डा राजबीर आर्य ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर शानदार काम किया है । राज्य मंत्री तथा सासद के तौर पर उम्दा काम किया। अब मुख्य मंत्री के रूप में भी शानदार काम करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा ने कहा की जिस प्रकार मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन के काम किया उसी को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ शासन प्रशासन देंगे ।

गरीब कल्याण तथा अंतोदय के मिशन को पूरी तत्परता आगे बढ़ाएंगे।

इस अवसर पर लड्डू बांटे गए जोश से परिपूर्ण ही लोग वंदे मातरम् तथा भारत माता की जय के नारें लगा रहे थे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शिव कुमार शर्मा पूर्व सरपंच,मयूर सैनी, शिव कुमार सैनी, सत्यनारायण गुप्ता, जय भगवान गुप्ता,अनूप सैनी,सतीश सैनी पूर्व पार्षद,रामनिवास धीमान,प्रवीण सैनी,अजय सैनी,राजीव सचदेवा, शीश पाल गर्ग,मोहित सैनी,मंजीत,रमेश त्यागी, हैरी सैनी,संजय आर्य, राजा राम प्रजापत आदि मोजूद रहे।

# विश्व कल्याण सरोवर मुरथल में आओ दृढ़ता के व्रत से स्वयं का पोषण करें, कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

विश्व कल्याण सरोवर मुरथल में आओ दृढ़ता के व्रत से स्वयं का पोषण करें" शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु प्रेम के एक गीत से हुआ। मंच पर तिलक व पुष्प गुच्छ से अतिथियों का स्वागत हुआ। तदुपरांत ब्रह्मा कुमारी पूजा बहन ने महिलाओं की समाज में भागीदारी पर सुंदर प्रवचन दिया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कुछ भी चाहिए तो लोग देवीयों के पास जाते हैं। विद्या की देवी, धन की देवी, शक्ति के लिए दुर्गा और शुद्धता के लिए गंगा के पास जाते हैं। मुख्यअतिथि पहुंची पूर्व आईपीएस सुमन मंजरी ने कहा कि जब हमारा आत्म कल्याण होगा तब हम विश्व कल्याण कर सकेंगे। हमें अपने विकारों पर जीत पाने के लिए दृढ़ता के व्रत का पालन करना होगा। विशिष्ट अतिथि निपटम के निदेशक डॉक्टर हरिंदर सिंह ओबरॉय ने कहा कि यहाँ आकर मुझे एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। मैं धन्यवाद देता हूँ आयोजकों को जिन्होंने मुझे यहाँ आने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सेन्स और इनड्यूरेंस पावर सबसे अच्छी होती है। पूरा समाज एक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। हमारे अंदर से सहनशीलता का अभाव होता जा रहा है। समाज में अग्रेशन बढ़ता जा रहा है। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी चक्रधारी दीदी ने कहा कि हर जगह इत्र ही नहीं महका करते कहीं कहीं शख्सियतें भी महका करती हैं। जब मन शांत होता है तो हम बात को सही ढंग से सुनते हैं समझते हैं। हम बाबा के बच्चे शिवरात्रि को शिव जयन्ति के रुप से मनाते हैं। जब संसार का अधोपतन हो जाता है मनुष्यता का नाश हो जाता है समाज भ्रष्टतम स्थिति में पहुंच जाता है। ब्रह्मा कुमार सतीश भाई (प्रबंधक विश्व कल्याण सरोवर) ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'सुरेंद्र कोहली द्वार' बनवाकर मुकेश गोयल ने दी सच्ची श्रद्धांजलि


























**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** आदर्श नगर विधानसभा की मालिक राम टंडन रोड की तरफ से आदर्श नगर का प्रवेश द्वार अब 'सुरेंद्र कोहली द्वार' के नाम से जाना जाएगा। दिल्ली नगर निगम की ओर से सुरेंद्र कोहली द्वार का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय पार्षद और दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल ने प्रसिद्ध



समाजसेवी सुरेंद्र कोहली की स्मृति में द्वार का नामकरण करवाया। इस विशेष मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**आदर्श नगर का मुख्य द्वार अब कहलायेगा 'सुरेंद्र कोहली द्वार' :** आदर्श नगर की मालिक राम टंडन रोड की तरफ से आदर्श नगर में प्रवेश करने के लिए अब 'सुरेंद्र कोहली द्वार' से होकर गुजरना होगा। जब भी कोई इस रास्ते से गुजरेगा तो उसे स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी की स्मृति में बनाये गये प्रवेश द्वार को पार करना होगा।

**कौन थे सुरेंद्र कोहली :** सुरेंद्र कोहली का नाम केवल आदर्श नगर तक ही सीमित नहीं था। संघर्ष से लेकर शिखर तक का सफर तय करने वाले सुरेंद्र कोहली किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। शुरूआती संघर्षपूर्ण जीवन में टांगा चलाने से लेकर आजादपुर मंडी में बड़ा व्यापार खड़ा करना, उनकी नेकनियति और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। लगभग 7 दशक तक मंडी के व्यापारियों की आवाज रहे श्री कोहली आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। श्री कोहली पूरी दिल्ली की मंडियों के चुनाव में भारी मतों से जीते थे। व्यापारियों की बुलंद आवाज के रूप में श्री कोहली को सदैव याद किया जाएगा।

**सुरेंद्र कोहली और उनके सुपुत्र राजू कोहली- पुनीत कोहली :** सुरेंद्र कोहली जी की सामाजिक और व्यापारिक विरासत को अब उनके दोनों सुपुत्र राजू कोहली और पुनीत कोहली बखूबी संभाल रहे हैं। राजू कोहली ने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए मंडी के व्यापारियों की आवाज बुलंद की है। यही कारण है कि मंडी के चुनाव में राजू कोहली ने भी भारी मतों से जीत हासिल की। वहीं, छोटे सुपुत्र पुनीत कोहली ने भी अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान को सम्भालते हुए पिता के नाम को आगे बढ़ाया है। पुनीत क्षेत्र के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

**आदर्श नगर क्षेत्र में स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली की भूमिका:** पूरे आदर्श नगर क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसी सामाजिक या धार्मिक संस्था होगी जिनके कार्यक्रम में स्वर्गीय श्री कोहली की भूमिका ना रहती हो। क्षेत्र के पंजाबी समुदाय को एक छत के नीचे लाने का श्रेय भी सुरेंद्र कोहली को ही जाता है। आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के रूप में आदर्श नगर में पंजाबियों की सबसे बड़ी संस्था का गठन भी श्री कोहली ने ही किया था। इसके अलावा गरीब कन्याओं की शादी करवाने से लेकर राशन वितरण के कार्य में भी इनकी विशेष भूमिका रहती थी।

**आजादपुर श्मशान भूमि के जीर्णोद्धार में थी महत्वपूर्ण भूमिका:** इलाके के एकमात्र और सबसे पुराने श्मशान घाट के जीर्णोद्धार में किसी एक व्यक्ति की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी, तो वह नाम था सुरेंद्र कोहली। प्रधान रहते हुए श्मशान घाट का कायाकल्प करने में श्री कोहली ने बहुत मेहनत की। लाखों रुपए का सरकारी और गैर सरकारी फण्ड श्मशान घाट में लगवाया। रोजाना एक तय नियम के तहत सुबह सुबह वह श्मशान घाट पहुँच जाते थे। वहाँ रहकर सभी व्यवस्थाओं की देख रेख करते। जो जरूरत होती उसे तुरंत पूरा करवाते। श्मशान घाट के जीर्णोद्धार करवाने के लिए सुरेंद्र कोहली को सदैव याद किया जाएगा।

**राजू कोहली:** आज इस विशेष मौके पर आप सभी का आना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। मैं विधायक, सदन नेता और क्षेत्रवासियों को अभिनंदन करता हूं। साथ ही पिताजी के दिखाए हुए मार्ग पर चल रहा कोहली परिवार।



**पुनीत कोहली:** आज पिताजी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन आज भी उनके दिखाए हुए रास्ते हम सभी का मार्गदर्शन करते हैं। आज कोहली परिवार सुरेंद्र कोहली जी के विचारों को अनुग्रहित कर क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रहा हैं।





















पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र: सुरेंद्र कोहली मृदु भाषी, सामाजिक व्यक्ति थे। सुरेंद्र कोहली समय-समय अपने अनुभव से लोगों का मार्गदर्शन करते थे। आज इस महान व्यक्ति के नाम पर द्वार का नामकरण होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है।



मुकेश गोयल, नेता सदन, दिल्ली नगर निगम: सुरेंद्र कोहली महान व्यक्ति थे और लोगों की सेवा में दिन-रात तत्पर रहते थे। पंजाबी समाज को एकजुट करने में सुरेंद्र कोहली का महत्वपूर्ण योगदान था। उनके कार्य को लोग सदियों तक द्वार के माध्यम से याद रखेंगे।




गुरमीत अरोड़ा, आप वरिष्ठ नेता: आज का दिन कोहली परिवार और हम सभी के लिए विशेष है जो वर्षो तक हम सबके जेहन में रहेगा। कोहली जी हमारे बीच नहीं है लेकिन आज भी उनका व्यक्तित्व, लोगों की मदद करने का नेकशील विचार हम सबको प्रेरणा देगा।



सुभाष दीक्षित, प्रधान, मजलिस पार्क वैलफेयर एसो: कोहली परिवार को बधाई। आज हम सबके प्रिय सुरेंद्र कोहली जी के नाम पर द्वार का नामकरण होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। कोहली जी ने क्षेत्र के विकास में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। यहीं कारण है कि आज इस शुभ अवसर पर क्षेत्रवासी उमड़ पड़े हैं।

अरविंद मूलचंद, प्रधान केवल पार्क आरडब्ल्यूए: आदरणीय सुरेंद्र कोहली जी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनकी विचार अनुकरणीय और आज भी हम सबका मार्गदर्शन करते हैं। मैं कोहली परिवार को बधाई देता हूं और साथ ही निगम को जिन्होंने क्षेत्र की मांगो को स्वीकार किया।



सुरेश गुप्ता, प्रधान आदर्श नगर आरडब्ल्यूए: सुरेंद्र कोहली अपने विचारों से हम सभी को प्रभावित करते थे। आज हमारे बीच कोहली जी नहीं है लेकिन उनके विचार हम सबके लिए प्रेरणादायक है। आज कोहली परिवार के लिए खास दिन है। साथ ही मैं निगम को भी धन्यवाद प्रकट करता हूं।



सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान आदर्श रसोई: कोहली परिवार क्षेत्र में बड़ा ही सम्मानीय परिवार है। सुरेंद्र कोहली जी के नाम पर द्वार का नामकरण होना हम सबके लिए गौरावान्वित पल है। मैं कोहली परिवार को इस विशेष मौके पर दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं और निगम का धन्यवाद करता हूं।



रवि भारद्वाज, संपादक, एक्शन इंडिया: सुरेंद्र कोहली हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत थे और उनके विचार हम सभी को प्रभावित करते थे। एशिया की सबसे बड़ी मंडी में उनकी विशेष भूमिका रहती थी। समय-समय पर लोगों की मदद करना उनकी आदतों में शुमार था।

